# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...


गुरु गोविंद सिंह जयंती की शुभकामनाएं




● नई दिल्ली। सोमवार 06 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 18 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर का उद्घाटन

**- साहिबाबाद से दिल्ली तक किया मोदी ने सफर**

**- अब 55 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में 11 स्टेशन**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन आरआरटीएस की नई दूरी बढ़ा दी है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के 13 किलोमीटर लंबे खंड का उद्घाटन किया है। मोदी ने साहिबाबाद स्टेशन से न्यू अशोक नगर स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन की सवारी की और वह इस ट्रेन में पहले यात्री के रूप में सफर करने वाले बने हैं। उन्होंने ऑनलाइन पेमेंट कर ट्रेन नमो भारत में सफर की शुरूआत की और दिल्ली जाकर इस ट्रेन का उद्घाटन किया। नमो भारत ट्रेन कि अब दूरी बढ़ गई है, यह 55 किलोमीटर लंबे आरआरटीएस कॉरिडोर में कुल 11 स्टेशन शामिल हो गए हैं। साहिबाबाद में उद्घाटन अवसर पर गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की वजह से साहिबाबाद हिंडन एयरपोर्ट से लेकर साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन और हिंडन रिवर से लेकर पूरे मार्ग को सुरक्षा क्षेत्रीय त्रिस्तरीय घेरे में रखा गया था।



## अब न्यू अशोक नगर से मेरठ दक्षिण तक चलेगी ट्रेन

करंट क्राइम : न्यू अशोक नगर और मेरठ के बीच 55 किलोमीटर लंबे आरआरटीएस कॉरिडोर में 11 स्टेशन हैं। रविवार शाम 5 बजे से यात्रियों के लिए इसका ऑपरेशन शुरू हो गया है। हर 15 मिनट में लोगों को ट्रेन उपलब्ध होगी। इसके साथ ही न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ-दिल्ली दक्षिण का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए डेढ़ सौ रुपए और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपए है। अधिकारियों ने बयान देते हुए कहा है कि दिल्ली-गाजियाबाद मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के इस हिस्से के निर्माण की लागत करीब 4600 करोड़ रुपए आई है।

## दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों से होगी कनेक्टिविटी

करंट क्राइम : मौजूदा समय में दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर आनंद विहार, न्यू अशोक नगर और सराय काले खां मेट्रो स्टेशन से जुड़ा हुआ है। आरआरटीएस के दो अन्य कॉरिडोर भी दिल्ली मेट्रो से जुड़ेंगे। इसमें सराय काले खां से अलवर कॉरिडोर आईएनए, मुनिरका और एयरोसिटी समेत कई मेट्रो स्टेशनों से जुड़ेगा। साथ ही पानीपत जाने वाला कॉरिडोर भी कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के साथ अन्य स्टेशन से जुड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से दिल्ली मेट्रो की कई लाइनों के साथ आरआरटीएस कॉरिडोर जुड़ेंगे। ताकि लोगों की आवाजाही बिना किसी रुकावट के हो सके।



## गाजियाबाद के इन जनप्रतिनिधियों ने की पीएम मोदी से मुलाकात

करंट क्राइम : रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर के बीच चलने वाली नमो भारत के उद्घाटन के लिए गाजियाबाद पहुंचे। यहां गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की और उनका स्वागत किया। इसमें प्रमुख रूप से गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, लोनी नगर पालिका अध्यक्ष ममता त्यागी, मोदीनगर से विधायक मंजू शिवाच ,मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर व संगठन से जुड़े मानसिंह गोस्वामी सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।





# चोरी और झपटमारी भी साइबर क्राइम के आगे हांफे

## साइबर थाना बनने के बाद भी नहीं लगी है अपराधियों पर लगाम

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लागू किए हुए दो साल से अधिक का समय हो चुका है। बीते एक साल से गाजियाबाद में साइबर थाना भी संचालित है। इन सबके बावजूद गाजियाबाद में चोरी, झपटमारी ,लूट और सड़क हादसों से भी ज्यादा अगर किसी क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है, तो वह साइबर क्राइम है। बीते एक साल में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाला क्राइम साइबर क्राइम है। साइबर क्राइम रोकने के लिए गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां साइबर थाने की सौगात दी थी। तो वहीं प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क भी गठित की हुई है। इसके बावजूद अधिकांश मामलों में पीड़ितों को थाने, चौकी और साइबर क्राइम थाने के चक्कर लगाने पड़ते हैं। तो वहीं राष्ट्रीय पोर्टलों पर भी शिकायत करने के बावजूद कोई ज्यादा मदद नहीं मिल पाती है। वहीं साइबर ठग लोगों को इतनी आसानी से चूना लगा रहे हैं और अपनी बातों के झांसे में फंसा लेते हैं कि लोगों की गाठी कमाई पर चंद मिनट में वह चूना लगाकर आराम से नौ दो ग्यारह हो रहे हैं। बीते एक साल में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में क्राइम ब्रांच और साइबर सेल द्वारा तमाम साइबर ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हो, लेकिन पीड़ितों का रिकॉर्ड बढ़ता ही जा रहा है।

**- हर साल कई करोड़ की ठगी कर रहे हैं साइबर क्रिमिनल**



## लोन से लेकर पैसे डबल करने और मोटे मुनाफे का देते हैं लालच

करंट क्राइम : साइबर क्राइम गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली-एनसीआर सहित देश के अलग-अलग कोनों में इन दिनों लोन के नाम पर साइबर ठगी करने वाला बड़ा नेटवर्क तैयार है, जो लोगों के ऑनलाइन लोन अप्लाई करते ही उनका शिकार बनाने की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। वहीं साइबर ठग लोगों के पैसे को डबल करने का लालच देते हैं और उनको कुछ हजार रुपए डबल करने के बाद उनसे मोटा इन्वेस्टमेंट करते हैं और फिर अपनी साइट और व्हाट्सएप ग्रुप बंद करके वह ठगी का हजारों लोगों को शिकार बना रहे हैं। इसके साथ ही शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट के नाम पर भी इन दिनों दिल्ली-एनसीआर सहित गाजियाबाद-नोएडा में जमकर ठगों का खेल चला रहा है।

## डिजिटल अरेस्ट करने वालों पर पुलिस की पकड़ कमजोर

करंट क्राइम : नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार बीते दो साल में दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के मामलों में लगभग चार गुना की वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट के जरिए लोगों के साथ ठगी करने के मामलों में पीड़ित अधिकांश लोग बेहद पढ़े लिखे और समझदार रहते हैं। बीते एक साल के दौरान ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी करने वाले साइबर अपराधियों ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों से लेकर शिक्षा विभाग की प्रमुख अधिकारी के साथ ही रेवेन्यू डिपार्टमेंट और अधिवक्ताओं से लेकर व्यापारियों को ठगने का काम किया है। खास बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर अपराधी लोगों को गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे मोटी रकम भी वसूल लेते हैं। शिकायत करने पर अधिकांश मामलों में पुलिस खाली हाथी रह जाती है।



## इधर हुए ठगी के शिकार, उधर बैंक का खाता खाली हाथ

करंट क्राइम : साइबर क्राइम पर काम करने वाले पुलिस के अधिकारी बताते हैं कि साइबर ठगी करने वाले ठग इतने शातिर और लंबा नेटवर्क चला रहे हैं कि उनको ब्रेक करना और उन तक पहुंचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अधिकारियों की माने तो ठगी करने वाले साइबर ठग इधर लोगों से पैसा लेते हैं, उधर उनके अकाउंट से पैसा खाली हो जाता है। इन्होंने ऐसा जाल फैला रखा है कि तत्काल यह पैसा दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर देते हैं। इसके साथ ही एटीएम के जरिए विड्रोल करने के साथ ही बड़ी संख्या में ऑनलाइन शॉपिंग का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसका नुकसान पीड़ितों को यह होता है कि वह राष्ट्रीय साइबर ठगी के पोर्टल और हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत करने के बावजूद भी अपनी खोई हुई रकम को होल्ड नहीं करवा पाते हैं और उसे वापस पाने के लिए भी उनको लंबी जद्दोजहद करनी पड़ती है।



## न्यूड कॉलिंग गैंग पर लगी लगाम ,पर फर्जी अकाउंट बन रहे हैं धड़ाधड़



**करंट क्राइम :** बीते एक साल के दौरान न्यूड कॉलिंग गैंग पर तो काफी अंकुश लगा है, पर प्रमुख लोगों के फर्जी अकाउंट सोशल मीडिया पर बनाकर उनसे पैसे मांगने वाले साइबर अपराधियों का काम धड़ाधड़ जारी है। यह साइबर अपराधी पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से लेकर राजनेताओं, बॉलीवुड और अन्य प्रमुख लोगों की प्रोफाइल पिक्चर और महत्वपूर्ण जानकारी लेकर पहले फर्जी अकाउंट बनाते हैं और फिर मैसेंजर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए लोगों से ठगी कर उनको ब्लॉक कर देते हैं और लाखों-हजारों का नुकसान पहुंचा कर फरार हो जाते हैं।

## कमिश्नरेट में किया जा रहे हैं साइबर अपराध काम करने के कई प्रयास

**करंट क्राइम :** साइबर क्राइम इन दिनों पुलिस और क्राइम कंट्रोल करने वाली टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। साइबर अपराधी प्रतिदिन किसी न किसी थानाक्षेत्र में लोगों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में साइबर क्राइम रोकने के लिए जहां शहर के प्रमुख सिनेमाघरों में साइबर क्राइम से सतर्क रहने और बचाव के वीडियो लोगों को जागरूकता के लिए दिखाई जा रहे हैं। तो वहीं साइबर दोस्त करके व्हाट्सएप ब्रॉडकास्ट बनाए गए हैं। इनमें बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने के साथ ही व्यापार मंडल, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के ग्रुपों और स्कूल-कॉलेजों के साथ ही अलग-अलग कंपनियों और सरकारी अधिकारियों को भी साइबर ठगी से बचाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे वह जागरूक रहे, इसके लिए अलग-अलग सोशल मीडिया के प्रमुख फेस की वीडियो अपलोड कर उनको अलर्ट किया जा रहा है ताकि वह साइबर ठगी का शिकार होने से बच सकें।

## स्कूल, कॉलेजों और मॉल में चल रहे हैं जागरूकता कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद द्वारा स्कूल-कॉलेजों के साथ ही मॉल और अन्य स्थानों पर बीते एक साल के दौरान 500 से अधिक राहत जागरूकता एवं बचाव के लिए अलर्ट करने वाली कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। तो वहीं सोशल मीडिया ग्रुप और डिजिटल वालंटियर टीम के जरिए भी साइबर अपराध रोकथाम में जागरूकता लाने के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

# उपराष्ट्रपति की युवाओं को सीख कहा- आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें। आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी।



उन्होंने कहा कि आप देश के बेहतरीन युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। एनसीसी में आपकी सदस्यता एक अत्यधिक अनुशासित बल के तौर पर आपको उन गुणों को आत्मसात करने में सक्षम बनाती है जो मानव विकास के लिए आवश्यक हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच प्रमुख स्तंभों पर टिकी है। इसमें सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य शामिल है। सामाजिक सद्भाव विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलता है इसकी आज के समय में आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों को पोषित करना हमारे पारिवारिक प्रबोधन का हिस्सा होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उसका संरक्षण और सृजन करना चाहिए। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। नागरिक कर्तव्य प्रत्येक नागरिक को प्रगति का पथ प्रदर्शक बनाते हैं। ये पंच प्राण हमारी संस्कृति में रच-बसकर, व्यक्तिगत जिम्मेदारी, पारंपरिक मूल्यों और एकता की ओर यात्रा को प्रेरित करते हैं।

**हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उसका संरक्षण और सृजन करना चाहिए। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए।**

उन्होंने कहा कि ये पांच मूल्य जिम्मेदारी और चेतना के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्रवादी भावना का निर्माण करेंगे। इनका प्रतिदिन अभ्यास करें और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ सतर्क रहें।

मातृभूमि के प्रति हमारा समर्पण दृढ़ और अडिग होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे अस्तित्व का आधार है। चुनौतियां इसलिए पैदा होती हैं क्योंकि राष्ट्र पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर प्रशंसित वृद्धि देख रहा है। जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है और हर नागरिक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हम राष्ट्रीय आशावाद के दौर में जी रहे हैं, क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारत को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्वीकार किए जाने के कारण युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। यह बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के माध्यम से हासिल किया गया है। जो हर युवा को अपनी क्षमता और प्रतिभा का एहसास कराने में सक्षम बनाता है। शासन ने सभी क्षेत्रों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को योग्यता आधारित तंत्र में बदलते हुए बहुत जरूरी पहल की है।

# पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर दिखा संदिग्ध ड्रोन, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** रविवार की सुबह पुरी में स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। ड्रोन को सुबह करीब 4:10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया और यह करीब आधे घंटे तक मंदिर के ऊपर मंडराता रहा। इससे मंदिर की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा हो गए। गौरतलब है कि जगन्नाथ मंदिर और इसके आसपास का इलाका नो-फ्लाइंग जोन है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार मंगला अलति अनुष्ठान के दौरान ड्रोन श्रीमंदिर के ऊपर से उड़ता हुआ दिखा। ड्रोन श्रीमंदिर के नीलचक्र और धादिनौती के ऊपर दिखाई दिया।



## जगन्नाथ मंदिर के आसपास का इलाका नो-फ्लाइंग जोन

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा, 'मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा भंग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा, 'पुरी एसपी ने टीमें गठित कर घटना की जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि संबंधित व्यक्ति की जल्द पहचान कर ली जाएगी और ड्रोन को जब्त कर लिया जाएगा।' हरिचंदन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सरकार मंदिर परिसर के चारों ओर स्थित वॉच टावर्स पर चौबीस घंटे पुलिस कर्मियों को तैनात करने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि किसी व्लॉगर ने यह ड्रोन उड़ाया हो सकता है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## न्यूज डायरी

### नादिया फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नाबालिग बांग्लादेशी लड़की की तस्करी के आरोप में तीन को उम्रकैद की सजा सुनाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने शनिवार को एक नाबालिग बांग्लादेशी लड़की के अपहरण और तस्करी के मामले में एक महिला सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। राणाघाट पुलिस जिले के एसपी सनी कुमार राज ने कहा कि धनतला पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के अनुसार, तीनों 2021 में बांग्लादेश से भारत में लड़की की तस्करी में शामिल थे। उन्होंने कहा कि आरोपी – दो दलाल और एक स्थानीय हैंडलर ने भारत में नौकरी देने के बहाने बांग्लादेश से लड़की को फुसलाया था। बाद में उन्होंने उसे यौन शोषण के लिए बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली में बेच दिया। तीनों को बीएनएस की अपहरण और अनैतिक तस्करी की धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था।

### सबसे लंबे और चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए आईएनएसवी तारिणी न्यूजीलैंड से रवाना

**नई दिल्ली।** नौसेना का पोत (आईएनएसवी) 'तारिणी' दो महिला अधिकारियों को लेकर शनिवार को अपने सबसे लंबे और चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए न्यूजीलैंड के लिटलटन बंदरगाह से रवाना हुआ। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि आईएनएसवी तारिणी 22 दिसंबर को दो भारतीय महिला नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए को लेकर लिटलटन पहुंचा था। उन्होंने बताया कि माओरी समुदाय के कुछ सदस्यों ने अपने पारंपरिक अंदाज में चालक दल का स्वागत किया। नाविका सागर परिक्रमा द्ध्ध का चालक दल शनिवार सुबह लिटलटन बंदरगाह से अपने अभियान के तीसरे चरण (पोर्ट स्टेनली (फॉकलैंड द्वीप) के लिए रवाना हुआ। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान का सबसे लंबा चरण है, जिसकी दूरी लगभग 5,600 समुद्री मील (लगभग 10,400 किमी) है। लिटलटन में ठहरने के दौरान, चालक दल ने पोत की मरम्मत और रखरखाव का काम किया। अगले चरण में यह दक्षिण प्रशांत को पार करेगा। इस दौरान खतरनाक ड्रेक पैसेज से गुजरेगा और फिर केप हॉर्न को पार करके पोर्ट स्टेनली पहुंचेगा। प्रवक्ता ने कहा, दक्षिणी महासागर में टीम तारिणी को 50-60 नॉट्स (90-110 किमी प्रति घंटे) की गति वाली चुनौतीपूर्ण समुद्री हवाओं का सामना करना पड़ सकता है।

### तमिलनाडु के मंत्री दुरईमुरुगन व सांसद बेटे ठिकानों ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक महासचिव व तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और द्रमुक सांसद बेटे कथिर आनंद के वेल्लोर जिले में स्थित परिसरों पर 11 घंटे तक छापे की कार्रवाई की। शुक्रवार दोपहर शुरू तलाशी अभियान देर रात 1:35 बजे खत्म हुआ। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई नोटबंदी के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के उल्लंघन और 500 व 1,000 रुपये के नोटों को 200 रुपये के नोट से बदलने में बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी से संबंधित मामले में की गई है। इस मामले में दुरईमुरुगन, बेटे कथिर समेत अन्य लोगों की संलिप्तता का आरोप है।

### कोल इंडिया के खिलाफ गड़बड़ी की शिकायत खारिज

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दिसंबर 2022 में शुरू की गई ई-नीलामी योजना के संबंध में कोल इंडिया के खिलाफ प्रभुत्व के दुरुपयोग के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने मानदंडों का उल्लंघन नहीं किया है। कोल इंडिया लि. (सीआईएल) दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है। यह कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। सीसीआई ने 30 दिसंबर को अपने आदेश में कहा, परिस्थितियों के मद्देनजर आयोग का मानना है कि नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन का कोई प्रथमदृष्टया मामला नहीं है। बता दें कि दायर मामले में दावा किया गया था कि कोल इंडिया की 2022 ई-नीलामी योजना ने उसकी पिछली स्पॉट ई-नीलामी योजना 2007 की खरीदारी की शर्तों को बदल दिया गया है। विस्तृत जांच के बाद, सीसीआई ने पाया कि कोल इंडिया भारत में गैर-कोकिंग कोयले के उत्पादन और बिक्री में महत्वपूर्ण बाजार शक्ति रखती है। उसने कहा कि ई-निलामी प्रतिस्पर्धा में कोई गड़बड़ी नहीं की गई है।

### झारखंड : नक्सली हमले की जांच के लिए एनआईए का 8 जगह छापे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को झारखंड के बोकारो जिले में 8 स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के परिसरों की तलाशी ली और लैपटॉप, मोबाइल फोन और मेमोरी कार्ड जैसे डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ सिम कार्ड, पॉकेट डायरी और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। एनआईए की यह कार्रवाई फरवरी 2024 में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों की ओर से किए गए हमले की जांच से संबंधित है।

### ब्रिटेन से वीडियो कॉल पर दिया तीन तलाक, पति व सास-ससुर पर केस

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एक महिला ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहने वाले पति पर वीडियो कॉल पर तीन तलाक देने और सास-ससुर पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर सागर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक,पीड़िता ने आरोप लगाया है कि 2022 में उसका निकाह आकिब भाटीवाला के साथ हुआ था। शुरूआत में सब ठीक लग रहा था, लेकिन वडाला में ससुराल जाने के बाद उनका उत्पीड़न शुरू हो गया। हालात तब बदतर हो गए जब वह अपने पति और ससुराल वालों के साथ यूके गई। यहां भी ससुराल वाले का उनसे बुरा बर्ताव जारी रहा। घरेलू झगड़े के बाद पति ने महिला के सारे गहने जब्त कर उसे वापस भारत भेज दिया और उससे सारे संपर्क तोड़ लिए। इसके बाद एक वीडियो कॉल के दौरान ही यूके से पति ने उसे तलाक दे दिया। इसके बाद पीड़िता वापस यूके गई,लेकिन उसे पति ने घर में नहीं आने दिया।

### नांदेड़ बम विस्फोट मामले में सभी नौ जीवित आरोपी बरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में सेशन कोर्ट ने 2006 के विस्फोट मामले में सभी नौ जीवित आरोपियों को बरी कर दिया। इस मामले में कुल 12 आरोपियों में से दो की विस्फोट में मौत हो गई थी, जबकि एक की मौत मुकदमे के दौरान हुई थी। शनिवार को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सीवी मराठे ने सुनवाई के दौरान कहा, यह साबित नहीं हो पाया कि यह घटना एक बम विस्फोट थी, इसलिए शेष आरोपियों को बरी किया जाता है।

# ओडिशा में होगा 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन 50 से अधिक देशों के लोगों ने किया पंजीकरण

- **त्रिनिदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति एचई. क्रिस्टिन कार्ला कंगालू मुख्य अतिथि के तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे।**




**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार की साझेदारी में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का आयोजन आठ से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया जा रहा है। यह भारत सरकार का प्रमुख आयोजन है, जिसमें भारतीय प्रवासियों को जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। इसका थीम विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। बता दें कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 50 से अधिक विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी सदस्यों ने पंजीकरण कराया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान त्रिनिदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति एचई. क्रिस्टिन कार्ला कंगालू मुख्य अतिथि के तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस के खास मौके पर पीएम मोदी भारतीय प्रवासियों के लिए एक विशेष ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह तीन हफ्ते तक कई गणतव्यों को कवर करेगी।

ओडिशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने कहा, पहली बार ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह ओडिशा के लिए अपनी संस्कृति, परंपराओं को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है।

# पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर क्रैश, क्रू के तीन सदस्यों की मौत

**गांधीनगर।** गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल वहां तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। भारतीय तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) ध्रुव रुटीन उड़ान पर था, जिस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में क्रू के सदस्यों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। क्रू के सदस्यों को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



## नियमित उड़ान पर था हेलीकॉप्टर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर पोरबंदर हेलीकॉप्टर पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे हादसे का शिकार हुआ। हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था और हादसा हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त हुआ। लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर में आग लग गई। हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत कुल तीन लोग थे। इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई। गुजरात के पोरबंदर के एसपी भगीरथ सिंह जडेजा ने बताया कि पुलिस और तटरक्षक बल हादसे की वजह की जांच कर रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते सितंबर में ही भारतीय तटरक्षक बल का ध्रुव हेलीकॉप्टर ही अरब सागर में हादसे का शिकार हुआ था। उस हादसे में क्रू के तीन सदस्य लापता हो गए थे। क्रू के एक सदस्य को बचा लिया गया था। इससे पहले मार्च में भी नौसेना के ध्रुव हेलीकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। ध्रुव हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया था। कई साल की परीक्षण उड़ानों के बाद साल 2002 में इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। इस हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत 12 लोग बैठ सकते हैं। इस सैन्य और नागरिक दोनों उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ध्रुव हेलीकॉप्टर को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल्स से भी लैस किया जा सकता है। साथ ही इससे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी दागी जा सकती हैं। ध्रुव हेलीकॉप्टर को इसकी कैटेगरी का बेहतरीन हेलीकॉप्टर माना जाता है।

# पीएम मोदी ने ममता बनर्जी को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की। पीएम मोदी ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा, 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को जन्मदिन की बधाई। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। ममता बनर्जी साल 2011 से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, उनकी गिनती देश में विपक्ष के प्रमुख नेताओं में होती है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने मुरली मनोहर जोशी को उनके 91वें जन्मदिन पर बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी को उनके 91वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि मुरली मनोहर जोशी करोड़ों भाजपा सदस्यों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और उनका ज्ञान, विशाल अनुभव और राष्ट्रवादी विचारधारा देश के लिए बहुत मूल्यवान है। अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी के साथ मुरली मनोहर जोशी ने तिकड़ी बनाई जिसने पार्टी के उदय के शुरूआती दशकों, खासकर 90 के दशक में पार्टी के मामलों को चलाने में अहम भूमिका निभाई। वे 1998-2004 के बीच वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री थे।

# सातवीं मंजिल से गिरकर मेडिकल छात्रा की मौत

**केरल।** कोच्चि पुलिस ने रविवार को बताया कि एक निजी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की इमारत की सातवीं मंजिल से गिरने से एक मेडिकल छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की पहचान फातिमा शाहना के. के रूप में हुई है। शाहना कोच्चि के चलक्का में स्थित श्री नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। घटना शनिवार रात 11 बजे घटी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छात्रा सातवीं मंजिल पर छात्रावास के गलियारे में घूमते हुए फिसल कर नीचे गिर गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है।



# दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

## सरपंच हत्याकांड पर सीएम फडणवीस की दो टूक

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बीड जिले के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच पूरी दृढ़ता के साथ कर रही है। इस अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा।



पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अभी तक कुल सात आरोपी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं।

### सरपंच की हत्या को राजनीति से नहीं जोड़ें: सीएम

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'बीड मामले में सरकार और पुलिस पूरी ताकत व दृढ़ता से काम कर रही हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देशमुख एक लोकप्रिय सरपंच थे, इसलिए उनकी हत्या को राजनीतिक रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। यहां तक कि अगर आरोपी फरार हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हम उन लोगों को भी नहीं छोड़ रहे हैं, जिन्होंने आरोपियों की मदद की। एजेंसियों को मामले की सही तरीके से जांच करने दिया जाना चाहिए।'

### भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता ने जांच को बताया बकवास

भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अंजलि अनीश दमानिया ने सरपंच हत्या मामले में चल रही जांच को बकवास बताया। उन्होंने कहा कि इसके सच का खुलासा तभी हो सकेगा जब मामले की जांच बीड पुलिस के बाहर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जबरन वसूली मामले में मुख्य आरोपी और एनसीपी मंत्री तथा परली विधायक धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड के आगे झुकी बीड पुलिस निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती। धनंजय मुंडे और पंकजा मुंडे अपमानजनक और अश्लील भाषा से उन्हें निशाना बना रहे हैं।

### मुझ पर एक समुदाय को निशाना बनाने का आरोपः दमानिया

उन्होंने आरोप लगाया, 'मुझ पर वंजारी समुदाय को निशाना बनाकर सामाजिक तनाव पैदा करने का आरोप है। मैंने ऐसा कुछ नहीं किया है। मैंने सिर्फ इतना कहा कि (दिवंगत भाजपा के दिग्गज) गोपीनाथ मुंडे के समय से ही बीड में सभी सरकारी नियुक्तियां एक ही समुदाय से होती हैं। जिले में एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पुलिसकर्मी कराड से जुड़े हुए हैं और उनकी जांच नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'यह चल रही जांच बकवास है। बीड पुलिस को इस मामले की जांच नहीं करनी चाहिए। मैंने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला से मुलाकात की है और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध करती हूं कि मुझे परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।'

# मिजोरम-म्यांमार सीमा पर आवाजाही नियंत्रित करने की तैयारी, बॉर्डर पास समेत अहम दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्र सरकार ने मिजोरम-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मिजोरम की म्यांमार से 510 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है और यहां लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने कुछ अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के तहत बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों की आवाजाही की छूट दी गई है, लेकिन इनकी आवाजाही को नियंत्रित करने और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए बॉर्डर पास अनिवार्य कर दिया गया है।

## सीमा पार करने के लिए जरूरी होगा बॉर्डर पास

एक अधिकारी ने बताया कि म्यांमार और भारत के नागरिकों को एक दूसरे के देश जाने के लिए सात दिनों का वैध बॉर्डर पास जारी किया जाएगा। हालांकि इस पास को पाने के लिए आवेदनकर्ता को यह सत्यापित करना होगा कि वे सीमा के दोनों तरफ 10 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं। 31 दिसंबर से नए दिशा-निर्देश जारी हो गए हैं। मिजोरम के छह जिले-चम्फाई, सियाहा, लॉन्टलाई, हनाहथियाल, सैतुअल और सेरछिप की 510 किलोमीटर लंबी सीमा म्यांमार के चिन स्टेट से लगती है। शुक्रवार को चम्फाई जिले की पुलिस ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि भारत और म्यांमार के लोग जो एक दूसरे देशों की यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें अब बॉर्डर पास की जरूरत होगी और यह बॉर्डर पास सात दिनों के लिए वैध होगा।



भारत को पूर्वोत्तर राज्यों मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश की सीमाएं सटी हुई हैं। ये सीमा करीब 1600 किलोमीटर लंबी है। सीमाओं के दोनों तरफ विभिन्न जनजातियों के लोग रहते हैं और अलग-अलग देश से होने के बीच इनके बीच करीबी रिश्ते हैं। इस वजह से अक्सर मिलने-जुलने और व्यापार के लिए दोनों देशों के लोग एक दूसरे देश आते-जाते रहते हैं। ऐसी स्थिति में इन लोगों को वीजा के चलते परेशानी न हो, दोनों ही देशों की सरकारों ने मुक्त आवाजाही की सुविधा दी हुई है। इस मुक्त आवाजाही के तहत दोनों तरफ 16 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोग आसानी से एक दूसरे देश आ-जा सकते हैं, लेकिन अब ये सीमा घटाकर 10 किलोमीटर कर दी गई है। हालांकि इसकी आड़ में अवैध घुसपैठ और तस्करी को भी बढ़ावा मिल रहा था, जिसके चलते सरकार ने बॉर्डर पास की व्यवस्था की है। भारत के मिजोरम राज्य के लोगों और म्यांमार के लोगों के बीच आवाजाही जोखावथर और हनाहलान क्रॉसिंग पॉइंट के जरिए होती है। अब इन पॉइंट से गुजरने वाले लोगों को बॉर्डर पास की जरूरत होगी। बॉर्डर पास पाने के लिए भी लोगों को एक दस्तावेज या प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह सत्यापित किया गया होगा कि आवेदक सीमा के 10 किलोमीटर के दायरे में रहता है।

गौरतलब है कि 24 दिसंबर को गृह मंत्रालय ने एक नया प्रोटोकॉल जारी किया था, जिसमें फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) के तहत लोगों की आवाजाही की सीमा को पहले के 16 किलोमीटर से घटाकर 10 किलोमीटर तक सीमित कर दिया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल फरवरी में घोषणा की थी कि एफएमआर को खत्म कर दिया जाएगा, लेकिन इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। पहचान पत्र या दस्तावेज स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी या गांव के मुखिया या गांव के अधिकारी (प्रशासक) या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व्यक्ति द्वारा जारी किया जा सकता है। यह प्रमाण पत्र एक साल के लिए वैध होगा, जबकि बॉर्डर पास सिर्फ सात दिनों के लिए वैध होगा। बॉर्डर पास को धारक उसी क्रॉसिंग पॉइंट पर वापस जमा करेंगे, जहां से इसे जारी किया गया था। क्रॉसिंग पॉइंट सोमवार से शनिवार तक सुबह 6 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक खुले रहेंगे। बॉर्डर पास केवल एक वयस्क को जारी किया जाएगा और नाबालिगों को माता-पिता के साथ जाने की छूट होगी।

दिशा-निर्देशों के अनुसार, माता-पिता में से किसी एक के बॉर्डर पास में अधिकतम तीन बच्चों का ले जाया जा सकता है, जबकि तीन से अधिक बच्चों के लिए माता-पिता को अतिरिक्त बॉर्डर पास जारी किया जाएगा। भारत से म्यांमार और म्यांमार से भारत की सीमा पार करने वाले किसी भी व्यक्ति को भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा करने वाली असम राइफल्स द्वारा बॉर्डर पास जारी किया जाएगा। आवेदकों को तय सीमा क्रॉसिंग पॉइंट पर रिपोर्ट करना होगा और एक फॉर्म भरना होगा।

असम राइफल्स इन दस्तावेजों का निरीक्षण करेगी, जिसके बाद राज्य पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आवेदकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य जांच की जाएगी। असम राइफल्स 'भारत-म्यांमार सीमा पोर्टल' पर सभी फॉर्म अपलोड करेगी। आवेदकों के बायोमेट्रिक्स रिकॉर्ड दर्ज किए जाएंगे, जिसके बाद आवेदक की तस्वीर और क्यूआर कोड के साथ एक बॉर्डर पास जारी होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## गाजियाबाद के मंडल अध्यक्षों की घोषणा पर मंडराया होल्ड का साया

### रविवार की शाम नहीं हुई चर्चा, सोमवार को भी नहीं खुलने जा रहा है पर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में मंडल अध्यक्ष का पद इतना बड़ा हो गया है कि अब उस पर शीर्ष नेतृत्व तक मंथन हो रहा है। विधायक, सांसद की वीटो लगी है और कहीं सरकार के मंत्री अपने नामों को लेकर अडिग हैं। मंडल अध्यक्ष अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं और रविवार को लखनऊ में मंडल वाली मीटिंग हुई। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद जिला और महानगर के नाम पर कोई चर्चा ही नहीं हुई। हालांकि चर्चा हापुड़ जिले को लेकर भी नहीं हुई। सूत्र बताते हैं कि आज यानी सोमवार को मंडल अध्यक्षों के नाम पर चर्चा होगी। सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद जिले और महानगर में मंडल अध्यक्षों की घोषणा पर होल्ड का साया मंडरा रहा है। इस होल्ड वाले सीन के कारण ये माना जा रहा है कि ये घोषणा अब आगे बढ़ सकती है। सूत्र बता रहे हैं कि 50 से 51 प्रतिशत मंडल घोषित हो सकते हैं और बाकी मंडल होल्ड कर दिये जाएंगे। यही वजह है कि रविवार को गाजियाबाद जिला और महानगर पर कोई चर्चा ही नहीं हुई। बताया यही जा रहा है कि ये घोषणा 15 जनवरी से 20 जनवरी के बीच होगी।

#### लखनऊ में डाल लिया जनप्रतिनिधियों ने डेरा

घोषणा मंडल की होनी है और मंडल अध्यक्षों की सिफारिश में कई बड़े नाम बताये जाते हैं। रविवार को सर्दी के मौसम में भी लखनऊ का भगवा सियासी तापमान हाई रहा। यहां मंडल अध्यक्ष तो पहुंचे ही हैं, लेकिन राजधानी में जनप्रतिनिधियों ने भी डेरा डाल लिया है। काम भले ही कुछ और बताया जा रहा हो लेकिन स्टोरी का ट्विस्ट यही है कि मंडल अध्यक्षों की सिफारिश ही विधायक के कामों वाली लिस्ट में शामिल है। जनप्रतिनिधियों का ये डेरा किसी की दावेदारी का सूरज अस्त करेगा और किसी का सवेरा खिल जायेगा। यहां मीटिंग भी हो रही हैं और मीटिंग के साथ सिटिंग भी हो रही है। कोई प्रदेश वालों से मिल रहा है तो किसी ने क्षेत्रीय वालों से मुलाकात की है। कुल मिलाकर ये है कि सर्द मौसम में लखनऊ की सियासी हवाओं में मंडल अध्यक्ष वाला पैगाम गूंज रहा है।

## लोकसभा- विधानसभा के सत्र हो गए समाप्त

### कब होगी बोर्ड बैठक बनते नहीं दिख रहे हालात

### पार्षद पहले ही दिखा चुके हैं बोर्ड बैठक के लिए तल्ख तेवर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में पार्षदों ने एकजुटा दिखाई, बोर्ड बैठक और जल्द ही सदन बुलाए जाने की मांग की लेकिन अब तक उसका कोई असर होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। उधर नगर निगम व उससे जुड़े लोगों के बीच चर्चा यह हो रही है कि लोकसभा का सत्र समाप्त हो गया है। तो विधानसभा भी लखनऊ में स्थगित हो गई थी, पर बोर्ड बैठक कब होगी, इसके हालात बनते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। उधर नगर निाम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में बोर्ड बैठक कब होगी, इसकी जानकारी नगर निगम के अधिकारियों के पास भी अबतक टेबल पर नहीं पहुंची है।

लिहाजा साल 2025 के लिए शुरू होने वाले कार्य और कई योजनाओं को लेकर अभी स्थिति क्लियर नहीं हो पाई है।

#### अभी बाकी है निगम कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष का चुनाव

करंट क्राइम : नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक भी होनी है और कार्यकारिणी की बैठक के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए स्थिति और नाम क्लियर होने हैं। पूर्व में जो नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक हुई थी उसमें हंगामा और विवाद हो गया था। जिसकी वजह से कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष किसे बनाया जाए यह क्लियर नहीं हो पाया था। साथ ही इसके बाद से बैठक को लेकर कोई सीन भी बनता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

#### क्या जनवरी में आएगी कोई डेट या फिर फरवरी का हो रहा है वेट

**करंट क्राइम :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम बोर्ड बैठक फरवरी माह में होगी या जनवरी में ही कोई डेट ली जाएगी, इसको लेकर अभी स्थिति कुछ भी क्लियर नहीं है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस प्रकार से बड़ी संख्या में पार्षदों ने एकजुटता का संदेश दिया था, उससे नाराजगी वाला सीन बना है और अभी नगर निगम की बोर्ड बैठक और कार्यकारिणी बैठक को लेकर कोई तिथि क्लियर होती नजर नहीं आ रही है। नगर निगम के पार्षदों के बीच चर्चा यह है कि नगर निगम की बैठक जनवरी में होगी या फरवरी की कोई डेट होगी यह देखा जाना अभी शेष है।

#### क्या जल्द बनेगी बैठक को लेकर कोई बात

**करंट क्राइम :** उधर जिस तरीके से नगर निगम में बोर्ड बैठक को लेकर कोई हलचल नहीं सुनाई दे रही है, तो वहीं महापौर, नगर आयुक्त और पार्षदों के बीच भी इसको लेकर जनवरी के शुरूआती पहले सप्ताह में कोई जोश चर्चा या उत्साह देखने को नहीं मिला। उधर नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि पिछले साल राम मंदिर के पूजन प्रारंभ होने के बाद गाजियाबाद में राम मंदिर सेतु हिंडन पुल के नाम रखने की घोषणा हुई थी, वह भी अभी रुकी हुई है। इसके साथ ही गाजियाबाद को लेकर कई अन्य विषय रखे गए थे, उनपर भी चर्चा होनी बाकी है। इसके लिए नगर निगम की बोर्ड बैठक जल्द से जल्द होना आवश्यक है।

### नाटक समारोह







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हिंदी भवन समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हास्य नाटक समारोह का समापन रविवार को ताजमहल का टेंडर नाटक के साथ हुआ। हिंदी भवन में आयोजित इस नाटक को देखने पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र पहुंचे। उन्होंने नाटक के निर्देशक अनिल शर्मा को बधाई दी। हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल तथा महामंत्री सुभाष गर्ग ने पुलिस आयुक्त अजय मिश्र का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर आशु वर्मा,अरुण गर्ग,उपेन्द्र गोयल,पूनम शर्मा,राज कौशिक विनीत गोविल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जब बैठे थे एक सोफे पर सारे नेता मिलकर एक साथ, किसने छेड़ा वो तराना की प्रथम महिला शक्ति हो गई नाराज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत वाले जब एक साथ बैठें और उसमें भी वो भगवा सियासत वाले हों तो फिर सर्द मौसम में भी शब्दों के शोले निकल ही आते हैं। ये फ्लोवर वाले हैं और जानते हैं कि शब्दों से फायर कैसे लगानी है। रविवार को एक ऐसा मौका था जब समय पीएम का भी था और एएम का भी था। सारे ताकतवर नेता एक स्थान पर विराजमान थे। अब यहां ऐसा भी सीन था कि जिनके विचार नही मिलते हैं वो भी सोफे पर एक साथ बैठे थे। इसी बीच यहां भगवा गुरुजी ने प्रोटोकॉल का किस्सा छेड़ दिया।

प्रोटोकॉल में एक नाम 18वें नंबर पर था और दूसरा नाम 22वें नंबर पर था। गुरुजी ने 18वें नंबर वाले नाम की चर्चा की। इस नाम की उन्होंने केयर की और कहा कि प्रोटोकॉल के हिसाब से 18वें नंबर वाला नाम बड़ा है और यह कहकर उन्होंने ये भी कहा कि किसने यह सूची बनाई है उसे बुलाया जाए। अभी तो जिक्र 18वें नंबर का चल रही था कि जिनका नाम 22वें नंबर पर था उन्हें गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि मेरा प्रोटोकॉल बड़ा है। हम जिले में आते हैं और ये बात ठीक नहीं है। अब इस बात को लेकर और हवा दी गई और फिर लिस्ट लेकर अधिकारी से ही पूछा गया। अधिकारी भी विचारों के ओजस्वी हैं और शब्दों के तर्क में उन्होंने बहुत शानदार वर्क पहले से ही किया हुआ है, वो भी मौके पर आ गए। उन्होंने सभी को समझाया कि हमारे यहां से तो नाम भेज दिये जाते हैं और ये सूची के क्रम तो देश के सबसे बड़े दफ्तर से बनकर आते हैं। लेकिन भगवा गुरुजी ने यहां एंट्री ली और कहा कि ये नाम आपने भेजे हैं, ये नाम आपकी सूची है। इस पर अधिकारी ने भी बता दिया कि आप सब यहां मौजूद हैं। आप सब जिन्हें रिसीव करने आए हैं उन्हें ही रिसीव करेंगे और इन नामों में कोई नाम पहले वेलकम कर लें या बाद में वेलकम कर लें, वेलकम तो वो करेंगे ही। इसके बाद भी देर तक चर्चा चलती रही।

## फिर नहीं मिली भाजपा के वरिष्ठों को वीवीआईपी आगमन पर चाय

### - दूध भी था, चीनी भी थी, मगर मशीन में नहीं आने दिया करंट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये खबर ऐसी है कि एक बार फिर सीएम का दौरा याद आ गया। सीएम गेस्ट हाउस आए थे और यहां मुलाकात का प्रोग्राम ऐन मौके पर रद्द हो गया। अधिकारी ने चाय पिलाई और फिर वो हुआ कि नेताओं को ये बात पसंद नहीं आई और उन्होंने चाय के पैसे अधिकारी को भिजवाए थे। लगता है ये बात आगे तक पहुंची है और रविवार को सर्दी के मौसम में पीएम के इंतजार में बैठे नेताओं को चाय भी नहीं मिली और कॉफी भी नहीं मिली। नेताओं का चाय पीने का मन था, लेकिन मन की बात पूरी नहीं हुई। चाय पीने पर चर्चा शुरू हुई, लेकिन चाय पर चर्चा नहीं हो पाई। सब इंतजाम था। चाय की पत्ती भी थी, कॉफी भी थी, दूध भी था, चीनी भी थी, लेकिन चाय की मशीन में करंट नहीं था। ऐसा नहीं था कि तारों में करंट नहीं था, बस केवल मशीन में करंट रोक दिया गया था। बताते हैं कि इससे पहले चाय बनती, उससे पहले मौके पर एसपीजी आ गई और उन्होंने कॉफी मशीन को करंट देने से इनकार कर दिया। इसके बाद वहां मौजूद नेताओं को चाय तो नहीं मिली लेकिन बिस्कुट और पानी दिये गये। सबका चाय पीने का मन था मगर मशीन में करंट नहीं था।

## 70 लोगों की रजामंदी से आएगा महानगर अध्यक्ष का नाम

### 7 और 8 जनवरी को पूछा जाएगा इन चेहरों से उनकी पसंद का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष का पद इन दिनों कद वाले नेताओं के बीच चर्चा में हैं। महानगर अध्यक्ष को लेकर कई बड़े नाम आ गए हैं। बड़ी सिफारिशें हैं और अब सूत्र बताते हैं कि यहां पार्टी ने अध्यक्ष वाली कुर्सी के राउंड को और अधिक साउंड कर दिया है। अब केवल कोर कमेटी के चेहरों से बात नहीं बनेगी और यहां महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी तक पहुंचने के लिये 70 नामों के बैरियर को पार करना होगा। ये 70 नाम जब रजामंदी का पैगाम देंगे तब अध्यक्ष वाली स्वीकृति मिलेगी। 70 लोगों की कमेटी का



बहुमत जिसके पक्ष में होगा उसके नाम पर अध्यक्ष वाली मुहर लगेगी। सूत्र बताते हैं कि सात से आठ जनवरी के बीच में इन 70 नामों से उनकी मन की बात पूछी जाएगी।

बताया जाता है कि इस बार ये अहम फैसला हुआ कि कोर कमेटी का निर्णय ही अंतिम नहीं होगा। कोर कमेटी के बहुमत और 70 सदस्यीय कमेटी के बहुमत का भी मिलान होगा। कोर कमेटी तक तो बात बाद में आएगी, पहले नामों की सूची 70 लोगों के पास आएगी। बताया जाता है कि इस कमेटी में पूर्व अध्यक्ष शामिल है, पूर्व विधायक शामिल हैं, कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

बड़ी बात ये है कि ये चेहरे जिस भी नाम पर बहुमत की मुहर लगाएंगे, उसी चेहरे को अध्यक्ष बनने का मौका मिलेगा। इसके बाद से अब उस चर्चा पर विराम लगता दिखाई दे रहा है, जिसमें ये कहा गया था कि अध्यक्ष किसी की जेब का नहीं होना चाहिए। 70 नामों के चैनल को पार करने के बाद और कोर कमेटी में अपने नाम पर स्वीकृति लेने के बाद ही कोई महानगर अध्यक्ष बनेगा। अध्यक्ष पद के दावेदारों के लिये राह कठिन हुई है, लेकिन पार्टी ने यहां पारदर्शिता को जगह दी है। सूत्र बताते हैं कि सिद्धार्थनाथ सिंह इन नामों के साथ अध्यक्ष वाले नामों पर चर्चा करेंगे और फिर बहुमत वाली राय हर जिले से लेकर लखनऊ भेज दी जाएगी।

## राजनगर एक्सटेंशन का नाम लोगों को भ्रमित करने के लिए रखा गया है : बालेश्वर त्यागी

### जीडीए द्वारा विकसित इस कॉलोनी का राज नगर से कोई लेना-देना नहीं है



**जिस तरह से कालौनी का ले आउट बनाया गया है और अपार्टमेंट्स के नक्शे स्वीकृत किए गए हैं उससे उस सड़क के भविष्य में चौड़ा करने के रास्ते पूरी तरह से हमेशा के लिए बंद हैं। जो कालौनी की मुख्य सड़क है और उसी पर दोनों ओर विकास हुआ है, अगर वह सड़क अपने प्रारंभिक काल जाम के कारण दुर्दशा को प्राप्त है तो भविष्य क्या होगा। इसकी प्राधिकरण को कोई चिंता नहीं है।**

**जिन अधिकारियों ने इस कालौनी का लेआउट तैयार किया आज वे हो सकता है सरकारी सेवा से भी सेवा निवृत हो चुके हों। और अगर वे सेवा में हैं भी तो भी कौन उनसे पूछने जा रहा है कि इस दोषपूर्ण ले आउट के लिए आपको क्या दंड दिया जाए?**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन नाम से एक नया शहर विकसित हो रहा है। हालांकि इसका राजनगर कालौनी से कोई जुड़ाव नहीं है। केवल बाहर के लोगों को भ्रमित करने के लिए इसका नाम राजनगर एक्सटेंशन रखा गया है। यह नाम किसी निजी बिल्डर ने नहीं रखा है बल्कि स्वय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने इसका नामकरण राजनगर एक्सटेंशन रखा है।जो ताल तिकड़म निजी व्यवसाई अपनाते हैं, राज्य सरकार के संस्थान भी ऐसे ही रास्ते अपनाने लगे हैं।

वैसे कह सकते हैं कि नाम में क्या रखा है? बात कुछ हद तक ठीक भी है। नाम का महत्व केवल प्रारंभिक काल में होता है। लोकेशन समझने के लिए राजनगर एक्सटेंशन से समझते हैं कि कहीं राजनगर के निकट बसने वाली कालौनी है। अब तो कॉलोनी अपनी सुविधाओं से जानी जाएगी। मुझे नहीं पता कि किसी जनप्रतिनिधि ने किसी समय किसी फोरम में इस विषय को लेकर चर्चा की गई है या नहीं और अगर की गई है तो उसका क्या निष्कर्ष निकला है? हिंडन पुल से लेकर गाजियाबाद मेरठ रोड से मिलने वाली सड़क जो राजनगर एक्सटेंशन की सबसे पहली और मुख्य सड़क है जिसके दोनों ओर कालौनी बस रही है। उस सड़क पर ट्रैफिक की स्थिति कालौनी के प्रारंभिक काल में इतनी भयंकर है, दस बीस वर्ष बाद क्या होगी उसकी कल्पना डराने वाली है। जिस तरह से कालौनी का ले आउट बनाया गया है और अपार्टमेंट्स के नक्शे स्वीकृत किए गए हैं उससे उस सड़क के भविष्य में चौड़ा करने के रास्ते पूरी तरह से हमेशा के लिए बंद हैं। जो कालौनी की मुख्य सड़क है और उसी पर दोनों ओर विकास हुआ है, अगर वह सड़क अपने प्रारंभिक काल जाम के कारण दुर्दशा को प्राप्त है तो भविष्य क्या होगा। इसकी प्राधिकरण को कोई चिंता नहीं है।

जिन अधिकारियों ने इस कालौनी का लेआउट तैयार किया आज वे हो सकता है सरकारी सेवा से भी सेवा निवृत हो चुके हों। और अगर वे सेवा में हैं भी तो भी कौन उनसे पूछने जा रहा है कि इस दोषपूर्ण ले आउट के लिए आपको क्या दंड दिया जाए?

वैसे तो सरकार से कौन पूछ सकता है कि इस दोषपूर्ण व्यवस्था के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी? क्या किसी को इसके लिए दंडित किया जाएगा क्या? अधिकतर फोरम अन्य कार्यों में व्यस्त हैं। विधान सभाओं के सत्र इतने कम समय चलते हैं कि विधान सभा में पूछे गए प्रश्न का उत्तर आने से पहले ही सत्रावसान हो जाता है। सूचना का अधिकार भी सरकार ने भोथरा कर दिया है। पहले तो उत्तर ही नहीं मिलते और जब विवशता होती है तब आधे अधूरे उत्तर देकर जवाब देने की जिम्मेदारी से मुक्ति पा ली जाती है। सरकार तक से पूछे गए प्रश्नों का भी यही हश्र हो रहा है।रही बात मीडिया की तो पहले तो सरकार की संवेदनशीलता पूरी तरह समाप्त हो गई है। लोकलाज अब केवल भाषा का एक शब्द बन कर रह गया है। दूसरे बड़े बड़े विज्ञापनों ने मीडिया को नाथ लिया है। जनहित के सवाल अब किसी के एजेंडे पर नहीं हैं। अधिकारियों के द्वारा दी गई वह जानकारी अखबारों में सुर्खियां बटोरती हैं जिनसे अधिकारियों का महिमा मंडन होता है। जनहित के सवालों पर कभी कोई चर्चा नहीं होती। कहां से चले थे कहां पहुंचेंगे कोई नहीं जानता और जानने का अधिकार भी अब सील हो गया है।

## संपादकीय

# जीएसटी की जटिलता

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में कुछ निर्णय लिए गए और कुछ निर्णयों को बाद के लिए टाल दिया गया। कुछ निर्णय और स्पष्टीकरण एक बार फिर अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की जटिलता को रेखांकित करते हैं। छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए परिषद ने यह स्पष्ट किया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। इसके अलावा परिषद ने यह अनुशंसा की है कि खास किस्म के फोर्टिफाइड (पोषक तत्वों से संवर्धित) चावल पर जीएसटी कम किया जाए और जीन थेरेपी को कर मुक्त किया जाए। इस्तेमाल शुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं।

**छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए परिषद ने यह स्पष्ट किया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा उस पर कोई जीएसटी नहीं**

बहरहाल बीमा पर जीएसटी से संबंधित बहुप्रतीक्षित निर्णय बाद के लिए टाल दिया गया। जो लोग साल में इस समय अपने बीमा प्रीमियम जमा करते हैं उन्हें राहत की उम्मीद थी। दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए बने मंत्री समूह ने भी और समय मांगा है। एक अन्य मंत्री समूह जो क्षतिपूर्ति उपकर की समीक्षा कर रहा है उसकी भी कार्य अवधि बढ़ा दी गई है। यह भी याद करने लायक है कि क्षतिपूर्ति उपकर का संग्रह उस कर्ज को चुकाने के लिए किया जा रहा है जो महामारी के दौरान राज्यों की भरपाई के लिए लिया गया था। ऐसे में यह महत्त्वपूर्ण है कि दोनों मंत्री समूह अपनी अनुशंसाएं यथाशीघ्र दे दें। कर व्यवस्था की स्थिरता के लिए यह आवश्यक है कि जीएसटी परिषद दोनों मंत्री समूहों की अनुशंसाओं पर एक साथ विचार करे ताकि कर ढांचे को सरल बनाया जा सके और कर दरों को राजस्व-तटस्थ स्तर पर ले जाया जा सके। यह आसान नहीं होगा और इसके लिए जीएसटी परिषद को कई बैठकें करनी पड़ सकती हैं। परिषद के लिए यह बेहतर होगा कि हम विशेषज्ञों को साथ लें और सभी संभावित कमियों को दूर करें।

शनिवार को जारी किया गया एक स्पष्टीकरण यह जाहिर करता है कि कर व्यवस्था कितनी जटिल है और क्यों तत्काल बदलावों की आवश्यकता है। यह स्पष्ट किया गया है कि नमक और मसालों से मिश्रित खाने के लिए तैयार (रेडी टु ईट) पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी जीएसटी लगता है। परंतु अगर इसे पहले से पैकेट बंद करके लेबल लगा दिया जाए तो इस पर 12 फीसदी कर लगता है। अगर इसमें शक्कर मिला दिया जाए तो यह शुगर कन्फेक्शनरी बन जाता है और इस पर 18 फीसदी कर लगता है। उदाहरण के लिए कैरामेल पॉपकॉर्न। गत सप्ताह पॉपकॉर्न पर कोई नया कर नहीं लगाया गया लेकिन इस स्पष्टीकरण के बाद सोशल मीडिया पर उचित ही बहस हुई। यह जीएसटी के डिजाइन की जटिलता का उदाहरण है। परिषद को इन्हीं दिक्कतों को दूर करना है। भारत में न केवल बहुत सारी जीएसटी दरें हैं बल्कि एक ही वस्तु पर पैकेजिंग और आकार के मुताबिक अलग-अलग कर दर लगती है। यह समझना मुश्किल है कि खाद्य वस्तुओं के लिए एक कर दर क्यों नहीं हो सकती। सरकार को हर स्तर पर उपभोक्ताओं के चयन को प्रभावित करने की जरूरत नहीं है। अन्य दिक्कतों की बात करें तो राज्यों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल को जीएसटी में लाने के विचार को खारिज कर दिया है। इस विषय पर दोबारा विचार करना चाहिए। सभी पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से कर व्यवस्था बेहतर होगी और यह अधिक किफायती होगा।

# अगामी बजट 2025-26 में नौकरियों के अवसर पैदा करने पर हो फोकस : सीआईआई



**भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, यह बयान शीर्ष बिजनेस चैंबर सीआईआई ने दिया।**

**नई दिल्ली, 5 जनवरी।** भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, यह बयान शीर्ष बिजनेस चैंबर सीआईआई ने रविवार को दिया। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025 के केंद्रीय बजट में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए कई योजना का ऐलान किया गया था, जिसमें रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना भी शामिल है। आगामी बजट में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए और उपायों की घोषणा की जा सकती है। सीआईआई ने आगे कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी 145 करोड़ है। केवल 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत एक युवा देश भी है और 2050 तक इसकी कार्यशील आयु वाली आबादी में 13.3 करोड़ लोग जुड़ने वाले हैं। इस युवा आबादी को उत्पादक रूप से जोड़ने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन महत्वपूर्ण है।

शीर्ष बिजनेस चैंबर ने एक एकीकृत राष्ट्रीय रोजगार नीति का प्रस्ताव रखा है, जिसके दायरे में विभिन्न मंत्रालयों द्वारा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही रोजगार सृजन योजनाओं को शामिल किया जा सकता है। बजट को लेकर अपनी मांगों में सीआईआई ने नए रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए धारा 80जेजेएए के बदले में एक नई धारा का प्रस्ताव रखा है। नया प्रावधान सकल कुल आय से चैप्टर वीआईए कटौती के रूप में जारी रहना चाहिए जो करदाता द्वारा रियायती कर व्यवस्था का विकल्प चुनने पर भी उपलब्ध हो। इसे किसी भी करदाता को उपलब्ध कराया जा सकता है जो व्यवसाय या पेशा करता है और टैक्स ऑडिट के लिए उत्तरदायी है।

संबंधित कर वर्ष में दिए गए वेतन के संदर्भ में नए रोजगार के पहले तीन वर्षों के लिए कटौती दी जा सकती है, लेकिन यह प्रति माह 1 लाख रुपये की सीमा के अधीन हो। सीआईआई ने निर्माण, पर्यटन, कपड़ा और कम कुशल विनिर्माण जैसे रोजगार-प्रधान क्षेत्रों के लिए टारगेटेड स्पोर्ट की भी मांग की है।

सीआईआई ने आगे कहा कि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, जो वर्तमान में कम है, भारतीय अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा दे सकता है। महिला श्रम शक्ति की भागीदारी बढ़ाने के लिए सीएसआर फंड का उपयोग करके छात्रावासों का निर्माण, देखभाल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों का औपचारिकीकरण, औद्योगिक समूहों में सरकार द्वारा समर्थित क्रेच की स्थापना सहित नई पहल की जा सकती है।

# भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 4% बढ़ने का अनुमान: रिपोर्ट




**नई दिल्ली, 5 जनवरी।** फिच रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की मांग तीन से चार प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा कि इसकी वजह कंज्यूमर, इंडस्ट्रियल और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग बढ़ना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय तेल वितरण कंपनियों (ओएमसी) के रिफाइनरी मार्जिन वित्त वर्ष 25 के मिड-साइकिल के स्तरों से नीचे आने की उम्मीद है। इसका कारण अधिक रीजनल आपूर्ति और कच्चे तेल की किस्मों की कीमतों में अंतर कम होना है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि मार्केटिंग मार्जिन वित्त वर्ष 24 में बेहतर रहेंगे, क्योंकि कच्चे तेल की कीमत चालू वित्त वर्ष में निचले स्तरों पर रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इससे तेल वितरण कंपनियों पर कम रिफाइनिंग मार्जिन के चलते आ रहा दबाव कम होगा, हालांकि एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) जैसी शुद्ध रिफाइनर कंपनियों को मुनाफे के मोर्चे पर अधिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 26 में रिफाइनिंग मार्जिन अपने मिड-साइकिल स्तर पर पहुंच जाएगा, क्योंकि रीजनल ओवरसप्लाई कम हो जाएगी और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें हमारे अनुमान के अनुरूप गिरेंगी। इस दौरान मार्केटिंग मार्जिन का सपोर्ट बना रहेगा।

# आत्महत्या के जोखिम वाले मरीजों का पता लगा सकता है एआई : अध्ययन




**नई दिल्ली, 5 जनवरी।** एक नई रिसर्च में यह जानकारी सामने आई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आत्महत्या के जोखिम वाले मरीजों की पहचान में डॉक्टरों की मदद कर सकता है। इससे नियमित चिकित्सा प्रक्रियाओं में आत्महत्या रोकथाम के प्रयास बेहतर हो सकते हैं।

जर्नल जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित शोध के अनुसार, शोधकर्ताओं ने दो तरीकों की तुलना की। पहला तरीका था डॉक्टरों के कामकाज को बीच में रोककर पॉप-अप अलर्ट दिखाना, और दूसरा था मरीज की इलेक्ट्रॉनिक रिपोर्ट में जोखिम की जानकारी देना। शोध में पाया गया कि पॉप-अप अलर्ट ज्यादा प्रभावी थे। इनकी वजह से डॉक्टरों ने 42% मामलों में आत्महत्या का जोखिम जांचा, जबकि रिपोर्ट में सिर्फ जानकारी दिखाने वाले तरीके से यह आंकड़ा केवल 4% रहा।

वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के प्रोफेसर कॉलिन वॉल्श ने कहा कि अधिकतर लोग, जो आत्महत्या करते हैं, अपनी मौत से पहले साल भर में किसी न किसी डॉक्टर से मिल चुके होते हैं, लेकिन अक्सर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के लिए नहीं।

टीम ने अपने एआई सिस्टम, जिसे 'वेंडरबिल्ट सुसाइड अटेम्प्ट एंड आइडिएशन लाइक्लीहुड' मॉडल कहते हैं, को तीन न्यूरोलॉजी क्लिनिक में मरीजों का आत्महत्या जोखिम स्क्रीनिंग के लिए परीक्षण किया। वॉल्श ने बताया, हर जगह सभी मरीजों की स्क्रीनिंग करना संभव नहीं है। वीएसएआईएल मॉडल को खासतौर पर उच्च जोखिम वाले मरीजों की पहचान करने और डॉक्टरों को जरूरी जांच करने के लिए विकसित किया गया है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

परीक्षा में सवाल आया था, चैलेंज किसे कहते हैं?
लल्लू ने पूरा पेपर खाली छोड़ दिया और आखिरी पेज पर लिखा-
अगर हिम्मत है तो पास करके दिखाओ।

---

गप्पू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया।
गप्पू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया।
गप्पू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया।
गप्पू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा।

---

डॉक्टर- शराब का नशा आहिस्ता-आहिस्ता इंसान को मार देता है...
नशेड़ी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया- तो डॉक्टर साहब मुझे कौन सा मरने की जल्दी है।

# भारत के सौर पैनल निर्यात में उछाल, दुनिया के लिए अब चीन नहीं केवल एकमात्र विकल्प



**नई दिल्ली, 4 जनवरी।** भारत सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभर रहा है, क्योंकि दूसरे देश जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी पर स्विच करने के लिए सप्लाई के स्रोत के लिए चीन के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल-अक्टूबर तक की अवधि में मॉड्यूल या पैनल में असेंबल किए गए 711.95 मिलियन डॉलर के पीवी सेल का निर्यात किया, इसमें से 96 प्रतिशत शिपमेंट अमेरिका गए, जो दिखाता है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से दूर हो रही है।

भारत ने अप्रैल-अक्टूबर वित्त वर्ष 2025 में मॉड्यूल में असेंबल नहीं किए गए 25 मिलियन डॉलर के फोटोवोल्टिक सेल का भी निर्यात किया, इसमें से 90 प्रतिशत निर्यात अमेरिका गया। अमेरिका भारतीय सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल के लिए भी एक प्रमुख निर्यात बाजार था, जो वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 में देश के सौर पीवी निर्यात का 97 प्रतिशत से अधिक था। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस और जेएमके रिसर्च एंड एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) प्रोडक्ट के शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, जिसका निर्यात मूल्य वित्त वर्ष 2022 से 23 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 2 बिलियन डॉलर हो गया।

रिपोर्ट की लेखिका, आईईईएफए की निदेशक (दक्षिण एशिया) विभूति गर्ग ने कहा, अमेरिकी बाजार पर ध्यान केंद्रित करने से भारतीय पीवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को फायदा मिल सकता है। इससे भारतीय पीवी निमार्ताओं के उत्पाद की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, लेकिन, लंबे समय में भारत को वास्तव में वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए, भारतीय पीवी निमार्ताओं को अपस्ट्रीम बैकवर्ड इंटीग्रेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

इससे भारत को मौजूदा बाजारों में अपनी पैठ बनाए रखने में मदद मिलेगी, जबकि यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका आदि जैसे बाजारों को अनलॉक करने में मदद मिलेगी। साथ ही, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में पीवी निमार्ताओं के लिए बढ़ते निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ घरेलू उपलब्धता को संतुलित बनाए रखने पर ध्यान देना होगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अल्बर्ट आइंस्टीन ने खुद को एक नास्तिक मान लिया था।
- आइंस्टीन की महान सफलता प्रयोगशाला के बजाय अपने सिर में किए गए दृश्य प्रयोगों से आई थी।
- आइंस्टीन एक बच्चे के रूप में एक धीमी शिक्षार्थी थे और बहुत धीरे से बात करते थे।
- रोगविज्ञानी ने आइंस्टीन के मृत शव का निरिक्षण किया था उसने उनका मस्तिष्क चुरा लिया और उसे 20 साल तक जार में रखा।
- आइंस्टीन के नोबेल पुरस्कार पैसे तलाक के निपटारे के रूप में उनकी पूर्व पत्नी के पास गए थे।
- आइंस्टीन को इजराइल के राष्ट्रपति पद की पेशकश की गई जिसे उन्होंने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया।
- आइंस्टीन अपने विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में असफल हो गये थे और उन्हें एक साल बाद फिर से आवेदन करना पड़ा।
- आइंस्टीन को सापेक्षता के लिए नोबेल पुरस्कार कभी नहीं मिला, बल्कि यह वास्तव में फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव के लिए मिला था।
- आइंस्टीन एक कम याद रखने के लिए प्रसिद्ध थे। वह नाम, तिथियां और फोन नंबर याद नहीं रख सकते थे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# लूसी हैमिल्टन को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया गया

**सिडनी ।** तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को 18 जनवरी से मलेशिया में शुरू होने वाले आगामी आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया गया है। लेग स्पिनर हसरत गिल को 16 टीमों के इस टूनार्मेंट के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इस ऑलराउंडर ने 2022 में क्वींसलैंड फायर के लिए 15 साल की उम्र में अपना पहला मैच खेला था, जिससे वह राज्य की दूसरी सबसे कम उम्र की डेब्यू खिलाड़ी बन गई थीं, जबकि उन्होंने 16 साल की उम्र में डब्ल्यूबीबीएल में डेब्यू किया था।

बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करने वाली लूसी डब्ल्यूबीबीएल के इतिहास में पांच विकेट लेने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर बनी, जब उन्होंने पिछले साल नवंबर में ड्रूमॉयन ओवल में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ ब्रिस्बेन हीट के लिए चार ओवर में 5-8 विके ट लिए थे।



कप्तान बनाए जाने पर तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन ने कहा, अंडर 19 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना एक बहुत बड़ा सम्मान है, मैं अपनी टीम का नेतृत्व करने के अवसर के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा जारी एक बयान में लूसी ने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए फिर से खेलने को लेकर रोमांचित हूं, विश्व कप युवा खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ा उत्सव है और एक टीम के रूप में हम अपने सामने मौजूद अवसर का लाभ उठाने के लिए उत्साहित हैं। इस ऑलराउंडर ने इस सीजन में डब्ल्यूबीबीएल में 12 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी का स्थान हासिल किया। लूसी में वह प्रतिभा है जिसके दम पर उन्होंने विश्व कप में अपने देश का नेतृत्व करने का मौका पूरी तरह से अर्जित किया है।

**साल 2023 में लूसी 16 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले चुकी हैं। वह लगातार दूसरी बार अंडर-19 विश्व कप में खेलेंगी**

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 कोच क्रिस्टन बीम्स ने कहा, विश्व मंच पर वह इससे पहले प्रदर्शन और अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं और हम इस बात को लेकर उत्साहित हैं। लूसी हमारी टीम की कप्तान होंगी और उन्हें पूरी टीम का सपोर्ट हासिल है। ऑस्ट्रेलिया टीमः लूसी हैमिल्टन (कप्तान), क्लो ऐंसवर्थ, लिली बैसिंगथवेट, काओइम ब्रे, एला ब्रिस्को, मैगी क्लार्क, हसरत गिल (उपकप्तान), एमी हंटर, सारा कैनेडी, एलेनोर लारोसा, ग्रेस लियोन्स, इनेस मैककॉन, जूलियट मॉर्टन, केट पेले और टेगन विलियमसन।

# रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के हमलों और मुम्बई सिटी एफसी की डिफेंस के बीच होगा मुकाबला

**कोलकाता ।** ईस्ट बंगाल एफसी सोमवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी से भिड़ेगी।



आइलैंडर्स नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 0-3 की हार से उबरने के लिए इस मुकाबले में उतरेंगे जबकि ईस्ट बंगाल एफसी अपने तीन मैचों के अपराजित सिलसिले को आगे बढ़ाने उतरेगी। उसने अपने पिछले छह मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है और अगले मुकाबले में गोल करके वो अपने सबसे लंबे सिलसिले की बराबरी कर लेगी।

मुम्बई सिटी एफसी 13 मैचों में पांच जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 20 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। दूसरी ओर, ईस्ट बंगाल एफसी 13 मैचों में चार जीत, दो ड्रा और सात हार से 14 अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। ईस्ट बंगाल की रक्षात्मक मजबूती

क्लीयरेंस में माहिर माहेरः हिजाजी माहेर ने दिसम्बर 2024 में सबसे अधिक 31 क्लीयरेंस दर्ज किए हैं।

रक्षात्मक सुदृढ़ताः ईस्ट बंगाल ने इस सीजन रक्षात्मक रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने मैचों के पहले हाफ में केवल आठ गोल खाए हैं। आइलैंडर्स की आक्रामक क्षमता

डिफेंसिव उपलब्धिः आइलैंडर्स कल अपने आईएसएल इतिहास में दूसरी बार लगातार तीन अवे क्लीन शीट हासिल करने उतरेंगे।

पोजीशन प्लेः आइलैंडर्स के कुल टचों का 23.8 प्रतिशत हिस्सा सेंटर-बैक जोड़ी मेहताब सिंह और टिरी के नाम है, जो टीम की डिफेंस से हमले बोलने की आदत को दशार्ता है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : सीरीज में बने ये बड़े रिकॉर्ड, बुमराह ने किया कमाल

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारत को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 6 विकेट से मात देने के बाद प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीत ली। इससे पहले कंगारूओं ने 2014/15 में अंतिम बार भारत को इस ट्रॉफी में अपने घर पर 2-0 से हराया था। इसके बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया में हुई दो बीजीटी सीरीज 2-1 से जीती थी।

इस सीरीज की शुरूआत मेजबान टीम की हार के तौर पर हुई जब भारत ने पर्थ टेस्ट में 295 रनों की धमाकेदार जीत दर्ज की थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अगले चार में तीन टेस्ट मैच जीते। इससे पहले साल 1997 में ऑस्ट्रेलिया ने 0-1 से सीरीज में पिछड़ने के बाद इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। जबकि उन्होंने अपनी धरती पर ऐसा 1968/69 में ही किया था जब वेस्टइंडीज टीम को 3-1 से मात दी थी।




सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में इस बार 1141 गेंदें फेंकी गई जो यहां 1896 के बाद से सबसे कम हैं। यह बताता है कि इस मैच की पिच वाकई में चुनौतीपूर्ण थी और इस मुकाबले में कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने भी इसे स्वीकारते हुए मैच के बाद कहा था कि उन्होंने पूरी सीरीज में गेंदबाजी के लिए सबसे मुफीद विकेट पर बॉलिंग करना मिस किया।

साल 2000 के बाद से यह केवल तीसरी बार हुआ है जब भारतीय क्रिकेट एक टेस्ट सीरीज के किसी दो मैचों की दोनों पारियों में 200 रनों से कम पर आउट हो गई। यह बीजीटी सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम की बल्लेबाजी के संघर्ष को दशार्ता है।

भारतीय क्रिकेट में फिलहाल चीजें परफेक्शन से बहुत दूर हैं। सीनियर खिलाड़ियों की फॉर्म, कप्तानी, मैनेजमेंट पर सवालिया निशान हैं। भारत पिछली दो टेस्ट सीरीज में तीन मैच हारा है। इससे पहले टीम इंडिया अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 0-3 से हार गई थी। खास बात यह है कि 2024/25 सीजन में ऐसा सिर्फ दो ही बार हुआ है।

सिडनी टेस्ट में स्कॉट बोलैंड ने मैच में 76 रन देकर 10 विकेट हासिल किए। वह इस मैदान पर साल 1900 के बाद 10 विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हैं। इससे पहले ग्लेन मैक्ग्रा ने यहां साल 2000 में 103 रन देकर 10 विकेट हासिल किए थे। बोलेंड का प्रदर्शन इस सीरीज में इतना जबरदस्त था कि उन्होंने एक बैकअप बॉलर की छवि को भी तोड़ दिया। वह बैकअप बॉलर के तौर पर आए और 13.19 की औसत के साथ 21 विकेट हासिल किए।

वहीं जसप्रीत बुमराह ने सीरीज में सर्वाधिक 32 विकेट हासिल किए और वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' साबित हुए। इससे पहले भारत के तेज गेंदबाज कपिल देव ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी घरेलू जमीन पर साल 1979/80 में 32 विकेट हासिल किए थे। भारत का कोई और तेज गेंदबाज एक सीरीज में इससे ज्यादा विकेट नहीं ले पाया है।

कपिल देव ने तब 17.68 की औसत से 32 विकेट लिए थे। जबकि बुमराह ने केवल 13.06 की औसत से विकेट लिए।

# अंतरराष्ट्रीय टीमों को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय कोच

**नई दिल्ली ।** खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति ने खो खो वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका से संबंधित देशों की खो खो टीमों को फिटनेस, खेल नियमों और नवीनतम खेल तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षित भारतीय कोच तैनात किये हैं।

खो खो वर्ल्ड कप 2025 के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय खो खो फेडरेशन के प्रेसिडेंट सुधांशु मित्तल ने बताया कि यह कोच सम्बन्धित देशों की खो खो फेडरेशन के अनुरोध पर तैनात किये गए हैं।

उन्होंने कहा कि यह कोच अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया, पोलैंड, हॉलैंड, पेरू, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मलेशिया, भूटान और नेपाल देशों के लिए तैनात किये गए हैं।



सुधांशु मित्तल ने बताया कि इन कोचों को खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति द्वारा तैनात किया गया है और इनका एयर टिकट, रहने-खाने आदि की सभी व्यवस्था खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति द्वारा की गई है हालांकि कुछ देशों की खो खो फेडरेशनों द्वारा इन कोचों को स्थानीय सुविधाएं या ठहरने की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने खिलाडियों और सपोर्ट स्टाफ के प्रशिक्षित और कैपेसिटी बिल्डिंग करने के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया है। क्वालिफाइड कोचों को नवीनतम अंतरराष्ट्रीय खेल नियमों, स्पोर्ट्स रेगुलेशन, तकनीक आदि के बारे में नियमित रूप से गहन वर्कशॉप ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जाता है।

# हमें जायसवाल, रेड्डी जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अपने विकेट की रक्षा जान की तरह करें : गावस्कर

**सिडनी ।** भारत की अंतिम टेस्ट मैच में हार और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखने में असमर्थता के बाद, क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने टीम के प्रदर्शन का जायजा लिया और कहा कि यशस्वी जायसवाल और नितीश रेड्डी जैसे युवा खिलाड़ी, जो भारत के लिए नाम कमाने के भूखे हैं टीम में चाहिए। जायसवाल ने पांच टेस्ट मैचों में 391 रन बनाए हैं, जिनमें से 161 रन पर्थ में सीरीज के पहले मैच में उनकी शानदार दूसरी पारी में आए, जहां भारत ने 295 रनों से जीत दर्ज की। हालांकि, मेलबर्न टेस्ट में 82 और 84 रन बनाने से पहले उन्हें कुछ समय तक संघर्ष करना पड़ा। दूसरी ओर, रेड्डी ने पांच मैचों की नौ पारियों में 298 रन बनाए। उन्होंने अपने पहले टेस्ट मैच में 41 और नाबाद 38 रनों की शानदार पारियां खेली। उन्होंने मेलबर्न में अपना पहला टेस्ट शतक लगाकर इसे बेहतर बनाने से पहले 42, 42 रन बनाए, जिससे निचले क्रम से बहुत जरूरी योगदान मिला। हम व्यापक तस्वीर की बात करें, जैसा कि हमने नीतीश कुमार रेड्डी और यशस्वी जायसवाल के साथ देखा - वे भूखे हैं। वे भारत के लिए नाम कमाने के भूखे हैं। वे खुद के लिए नाम कमाने के भूखे हैं।



# धनश्री से तलाक की अफवाहों के बीच युजवेंद्र चहल हुए भावुक, साझा किया 'दर्द'

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने धनश्री वर्मा से अलग होने की अफवाहों के बीच एक ऐसा पोस्ट शेयर किया जो उनकी निजी जिंदगी की दिक्कतों पर प्रकाश डालता है। चहल ने सोशल मीडिया पर दर्द बयां किया है। शनिवार देर शाम के इस इंस्टा स्टोरी ने पूरे दिन चली अफवाहों को और हवा दे दी है। दरअसल, शनिवार को युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के संभावित तलाक की अफवाहें उड़ीं। कहा गया कि दोनों ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। कुछ रिपोर्टों में उनके करीबी लोगों के हवाले से तलाक को लेकर भी दावा किया गया। चहल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, कड़ी मेहनत लोगों के कैरेक्टर को स्पॉटलाइट में लाती है। आप अपनी यात्रा जानते हैं। आप अपना दर्द जानते हैं। आप जानते हैं कि यहां तक पहुंचने के लिए आपने क्या-क्या किया है। दुनिया जानती है, आप मजबूती से खड़े हैं।



उन्होंने आगे कहा, आपने पिता और मां को गर्व कराने के लिए पूरा पसीना बहाया। हमेशा एक गौरवान्वित बेटे की तरह सीना तान कर खड़े रहो।

बता दें कि युजवेंद्र चहल ने 8 अगस्त 2020 को यूट्यूबर, डांस कोरियोग्राफर और डेंटिस्ट धनश्री से सगाई की थी।

# घर वापसी: लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे शिखर धवन

**नई दिल्ली ।** जैसे-जैसे लीजेंड 90 लीग का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे नए दिग्गजों के नाम भी सामने आ रहे हैं। इसी फेहरिस्त में दिल्ली रॉयल्स ने भी अपनी सूची जारी की है। फरवरी 2025 में खेले जाने वाले लीजेंड 90 लीग में पूर्व भारतीय स्टार क्रिकेटर शिखर धवन और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज रॉस टेलर दिल्ली रॉयल्स की कमान संभालेंगे। इसके अलावा उनके साथ वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमंस, श्रीलंका के एंजेलो परेरा, भारतीय ऑलराउंडर बिपुल शर्मा और वेस्टइंडीज के रयाद एमरिट भी टीम का हिस्सा होंगे।

उत्तर भारत के अग्रणी राजमार्ग ब्रांड, मन्नत समूह के स्वामित्व वाली दिल्ली रॉयल्स की टीम राष्ट्रीय राजधानी की भावना और गौरव का प्रतीक है। टीम के मालिकों ने अनुभव और कौशल के मिश्रण से सजी अपनी टीम की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया है। इस बारे में बोलते हुए मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंदर कादयान ने कहा कि, हमें पूरा विश्वास है कि शिखर धवन और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों के नेतृत्व में दिल्ली रॉयल्स लीजेंड 90 लीग में एक बेंचमार्क स्थापित करेगी। हमने ऐसी टीम तैयार करने की कोशिश की है जो, मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह मजबूती से एक दूसरे के साथ खड़ी रहे।




उनकी बात को आगे बढ़ाते हुए मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मंदीप मलिक ने कहा कि, हम काफी भाग्यशाली हैं, जो टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए हमें इतने बेहतरीन खिलाड़ी मिल पाए हैं। शिखर धवन, रॉस टेलर, लेंडल सिमंस जैसे कई दिग्गजों से सजी हमारी टीम अनुभव और प्रतिभा का खजाना लेकर आती है। हमें पूरी उम्मीद है कि दिल्ली रॉयल्स लीजेंड 90 लीग में जबरदस्त प्रदर्शन करेगी। पिछले हफ्ते एक समारोह के दौरान दिल्ली रॉयल्स ने अपने आधिकारिक लोगो का अनावरण किया था।

# 9999 रन और आउट - 10,000 टेस्ट रन बनाने से एक रन से चूके स्मिथ

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ दो दिन में दूसरी बार टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने से चूक गए।

शनिवार को सिडनी टेस्ट में वह स्लिप में कैच आउट हुए और पांच रनों से चूक गए। 24 घंटे बाद वह प्रसिद्ध कृष्णा की एक उछाल लेती शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर उछलकर डिफेंस करने गए और गली में लपके गए। वह माहेला जयवर्धने के बाद 9999 रन पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। स्मिथ को अब श्रीलंका के खलिाफ गॉल में पहले टेस्ट के दौरान 10,000 क्लब में शामिल होने वाला 15वां बल्लेबाज बनने का मौका मिलेगा। वह एलेन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के बाद ऐसा करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनेंगे। सिडनी टेस्ट से पहले बॉर्डर ने स्मिथ की तारीफ की और उन्हें खेल का दिग्गज बताया।

उन्होंने नाइन न्यूजपेपर्स से कहा, 57 या उसके आसपास का औसत अब तक के सर्वोच्च स्तर पर है, अगर आप इसमें से एक खिलाड़ी (ब्रैडमैन) को निकाल दें तो वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। जहां तक ऑस्ट्रेलिया का सवाल है, हमारे पास ग्रेग चैपल, रिकी पोंटिंग, स्टीव वॉ जैसे खिलाड़ी हैं। लेकिन अब स्टीव स्मिथ भी उस समूह के बराबर रैंक पर हैं, इसमें कोई समस्या नहीं है। मैं (सचिन) तेंदुलकर और (ब्रायन) लारा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, वे असाधारण रूप से अच्छे क्रिकेटर थे, लेकिन स्टीव निश्चित रूप से उस समूह के साथ हैं।

ऐसा लगा कि स्मिथ को रन बनाने की यह उपलब्धि हासिल करनी ही थी। वह सबसे तेज 8000 टेस्ट रन बनाने वाले और दूसरे सबसे तेज 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। हालांकि 2023-24 के अपेक्षाकृत कमजोर सीजन के बाद शिखर पर पहुचने में उम्मीद से ज्यादा समय लगा है, जिसमें डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद ओपनर के रूप में एक संक्षिप्त समय भी शामिल था। ब्रिसबेन और मेलबर्न में लगातार शतकों ने उन्हें कगार पर ला खड़ा किया था।




# विराट-रोहित को घरेलू क्रिकेट में लौटना चाहिए सुरिंदर खन्ना

**नई दिल्ली ।** खन्ना का मानना है कि आउट ऑफ फॉर्म चल रहे विराट कोहली और रोहित शर्मा को अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट में लौटना चाहिए। भारत की सिडनी में आखिरी टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के हाथों छह विकेट की हार में रोहित शर्मा ने बाहर रहने का विकल्प चुना जबकि विराट दोनों पारियों में सस्ते में आउट हुए। भारत ने यह सीरीज 1-3 से गंवाई और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की होड़ से बाहर हो गया। खन्ना ने 'आईएएनएस' से खास बातचीत में कहा, "विराट को विकेट पर टिके रहने का कोई और तरीका ढूंढना चाहिए था। वह ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के साथ छेड़खानी करने की अपनी आदत छोड़ दें। वो उसको शॉर्टआउट करना है और ये तभी होगा जब वो घरेलू क्रिकेट खेलेगा। चयनकताओं को उनसे बात करनी चाहिए कि वे घरेलू क्रिकेट में लौटें और रन बनाने के बारे में सोचें।



# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऊंचे स्तर की क्रिकेट देखी गई : पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत पर 3-1 से जीत हासिल करने और एक दशक में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के बाद, पूर्व क्रिकेटरों ने प्रतियोगिता पर अपने विचार साझा किए, और श्रृंखला के परिणाम को उच्चतम गुणवत्ता का क्रिकेट तमाशा बताया।

पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट में भारत पर 6 विकेट से जीत हासिल करने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने जून में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया को संभावित अंकों के 63.73 अंक प्रतिशत पर पहुंचा दिया, जिससे भारत (संभावित अंकों का 50.00 प्रतिशत) चक्र के अपने अंतिम टेस्ट मैच में स्थान पाने से वंचित हो गया।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने एक्स पर लिखा, शायद ही कभी कोई प्रतिष्ठित सीरीज उम्मीदों पर खरी उतरती है; बीजीटी एक अपवाद है जो हर बार उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन करती है। यह पूरी तरह से इस बात के कारण है कि खिलाड़ियों के लिए यह ट्रॉफी कितनी मायने रखती है और वे इसे जीतना कितना चाहते हैं। इसका नतीजा क्रिकेट के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। बधाई हो ऑस्ट्रेलिया, विजेता बनने के हकदार हैं।



रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा जैसे भारत के वरिष्ठ खिलाड़ी अपने बल्ले से जादू दिखाने में विफल रहे हैं और जसप्रीत बुमराह पूरी सीरीज में भारत के लिए अकेले योद्धा रहे हैं। हालांकि, बुमराह, जिन्हें 32 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

पीठ में ऐंठन के कारण सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी बल्लेबाजी पारी में नहीं खेल पाए और उनकी जगह मोहम्मद सिराज ने प्रसिद्ध कृष्णा के साथ नई गेंद साझा की, जिन्होंने 161 रन के बचाव में तीन विकेट लिए।

## सरदार पटेल से बढ़कर काम कर रहे हैं गृहमंत्री

# विधायक नंदकिशोर बोले-हमारी सरकार में प्रतिदिन 50 हजार गाय कट रहीं



### विधायक बोले- मेरी हत्या करने को 25 पिस्टल खरीदी गईं

पहले गाय काटने की हिम्मत नहीं पड़ती थी। मगर आज हम दुखी हैं। हमारी ही सरकार में प्रतिदिन 50 हजार गाय कट रही हैं। सब गाय साफ करा दीं गईं। ये अधिकारी गाय का पैसा खा रहे हैं। इसका मतलब तो यही है। सब लूट मची हुई है। मेरी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचे, मैं यही चाहता हूं। इन सबके मुखिया चीफ सेक्रेट्री हैं। वो मेरी हत्या करा दें। मेरी हत्या की तैयारी कर चुके हैं ये। इतनी ताकत हैं उनमें। जो मैं बोला रहा हूं। उस बात पर तो मेरी हत्या हो सकती है। मेरी हत्या करने को पिस्टल खरीदी जा चुकी हैं। वो अपराधी मैं तीन दिन में पकड़वा दूंगा। मगर अभी मैं ठंडे दिमाग से लगा हुआ हूं। पहले ये भ्रष्टाचार रुकना चाहिए। गाय कट रही हैं। चीफ सेक्रेट्री से कोई वैर नहीं है। हम जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपने दो बयानों को लेकर चर्चा में है। ये बयान गोवध और गृहमंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए हैं। रविवार को उन्होंने पत्रकारों से कहा-भारत के गृहमंत्री सरदार पटेल से भी बढ़कर काम कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में गृहमंत्री ने धारा 370 हटाई और एक भी पत्थर नहीं उठा। यह उनके बड़े काम हैं। इससे पहले शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में नंदकिशोर गुर्जर ने कहा था-हमारी सरकार में प्रतिदिन 50 हजार गाय कट रही हैं। ये अधिकारी गाय का पैसा खा रहे हैं। सब लूट मची है। इन सबके मुखिया चीफ सेक्रेट्री हैं। मेरी हत्या की तैयारी कर चुके हैं ये। 9 एमएम की 25 पिस्टल खरीदी जा चुकी हैं।

### धारा 370 समाप्त करना संभव नहीं था

लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर ने कहा-ऐतिहासिक तत्व है कि महर्षि कश्यप की भूमि है कश्मीर। वहीं उनका आश्रम है। वहीं उन्होंने तप किया था। कश्मीर नाम उन्हीं के नाम पर पड़ा है। वो देश के गृहमंत्री सरदार पटेल से बढ़कर काम कर रहे हैं। धारा 370 समाप्त करना संभव नहीं था। अखंड भारत का निर्माण जहां हमारे श्यामा मुखर्जी का बलिदान हुआ था। उनके सकंल्प को पूरा करने का काम गृहमंत्री ने किया है। उनकी बात का हम अभिनंदन करते हैं। दुनिया में कोई गोत्र भूल जाए तो उनका कश्यप गोत्र लिखा जाता है। गृहमंत्री ने ऐतिहासिक काम किया है। कश्मीर में 370 हटाकर दलित समाज को बाबा साहब का जो सपना था, उसे पूर्ण करने का काम गृहमंत्री ने किया है। उनको अधिकार दिलवाया है।

# प्रिंटिंग प्रेस पर पुलिस का छापा, नामचीन कंपनियों की लाखों रुपये किताबें बरामद



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ से बड़ी खबर सामने आई है। जहां ब्रांडेड पब्लिकेशन के नाम पर की जा रही किताब प्रिंटिंग प्रेस पर थाना धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलेडा की फ्रेंड्स कालोनी में देर रात को पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। जहां पुलिस ने नामचीन कंपनियों की लाखों रुपये के कीमत की किताबें बरामद की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलेडा स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में बिहार के रहने वाले महबूब अली की प्रिंटिंग प्रेस है। पुलिस ने बताया एसचंद कंपनी के लीगल ऑफिसर संजीव कुमार ने धौलाना पुलिस को सूचना दी कि फर्जी तरीके से उनकी कंपनी की किताबों को छापा जा रहा है, जिससे कंपनी को बड़ा नुकसान हो रहा है। इस बारे में हापुड़ की डीएम और एसपी को भी सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट पुलिस टीम के साथ शनिवार रात्रि प्रिंटिंग प्रेस पर कार्रवाई करने पहुंचे।

### पुलिस कर रही जांच

पुलिस के पहुंचते की वहां काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। जांच में पाया गया कि प्रेस में एस चांद कंपनी के साथ-साथ अन्य अनेक पब्लिकेशन की किताब प्रिंट की जा रही थी। पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस मालिक महबूब अली से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद प्रिंटिंग का काम बंद करा दिया गया। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी के दौरान कई नामचीन कंपनी की किताबें मिली है। मौके पर मिली किताबों के छापने की अनुमति संबंधित कोई दस्तावेज प्रारंभिक जांच में पुलिस को नही मिले। मामले की जांच की जा रही है।




### चौधरी-साहब- और मंत्री जी के बीच बन गई किस बात पर सहमति

भगवा गढ़ में मौसम भले ही ठंड का हो मगर सियासत का अलाव जल रहा और फ्लावर वाले फुल फायर का मजा ले रहे हैं। अब पहले वाला चैप्टर तो पूरा हो चुका लिहाजा नये कैरेक्टर तलाश लिये गये हैं और एक दूसरे का शिकार कैसे हो इस पर फोकस हो रहा है। आलम ये है कि मौहल्ले के टिकट के लिये बड़े चेहरे इतना अडिग हो जायेगें ये तो बड़े नेताओं को भी उम्मीद नही थी। सीन टिकट से लेकर पद तक ये चल रहा है कि सारे वजीर अब राजा के प्यादों को घेर रहे हैं। हम चेयर पर बैठे ना बैठें लेकिन उन के वाले का नाम तो हम आने नही देगें। जो नाम भी देगें वो ऐसा देगें कि इनका इलाज ही बांध देगा। बताने वाले बता रहे हैं कि कमांडर उपचार पर काम हो रहा है और सुना है कि साहब और मंत्री के बीच सहमति बनवाने में एक भगवा चौधरी का बड़ा रोल रहा है। इस तिकड़ी के गठन का उददेश्य भी इतना ही है कि कोई भी बन जाये लेकिन उन के दिये नाम पर कंसीडर नही होना चाहिये। लिहाजा उधर से उस नाम की हवा बनाई जा रही है जिस नाम को सुनकर ही दिल्ली शिफ्ट होने वालों के चेहरे पर तल्खी आ जाती है। बताने वाले बता रहे हैं कि भगवा जाट ने हवा को कमान दिलवाने हेतू एक सबंध सेतु का निर्माण किया। इस सेतु में वजनी मंत्री जी सुदूर पहुंच चुके साहब और भगवा जाट खुद हैं। हवा का रूख भांपने वाले कह रहे हैं कि आप ये मान कर चलो कि हवा तो उनके ही फेवर में बह रही है और हवा का दबाव लगातार बढ़ रहा है। एक लॉबी ये मान कर चल रही है कि अगर सगंठन में उनके नाम पर कोर वाली मुहर लग गई तो वो कमांडर खेमें से लेकर प्रमोशन खेमें तक कई नामों पर बड़े आराम से सियासी कैंची चला देगें।

### सासंद विधायक जनता के ही नही होते वो कार्यकर्ताओं के भी होते हैं

फूल वालों के यहां की सबसे बड़ी खूबी ये है कि यहां कोई किसी को नाराज नही करना चाहते हैं और जब फेवर की बेला आती है तो खेला ही अपनों के साथ हो जाता है। कुछ ऐसे भी हैं जो कद बड़ा होने के बाद भी अपने छोटे स्तर के पदाधिकारी के लिये पूरी ताकत के साथ अड़ जाते हैं। जो भगवा नदी में कभी गोमती नदी हो गये थे सुना है कि इस बार उन्होंने दिल को दरिया और हार्ट को समुंदर कर लिया है। जब बिग ए ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को दखल नही देना चाहिये तब से एलीगेशन गेम शुरू हो गया है। पुराने भाजपाई ने ही कहा कि दखल भी होना चाहिये और रिपोर्ट कार्ड भी होना चाहिये। जनप्रतिनिधि केवल जनता के ही नही होते हैं, वो तो कार्यकर्ताओं के भी होते हैं और ये बात वो कार्यकर्ता बेहतर बता सकते हैं कि जो चुनाव लड़वाते है फिर वोट डलवाते हैं और चुनाव जीतने के बाद ये जनप्रतिनिधि ही उन्हे आंखे दिखाते हैं।

### वो सुपरवाईजर मांगता है कभी रबड़ी कभी शराब तो कभी दस हजार

निगम के वसूली खेल में नदियापार के उस सुपरवाईजर के सामने राम से लेकर तुलसी तक सब फेल हैं। ठेकेदार ही बताते हैं कि मेंबर तो बस पांच के गुनाहगार हैं मगर नदियापार के उस सुपरवाईजर का नाम वहां के ठेली वालों से लेकर खोखे वालों की जुबान पर है और उन्हे जुबानी याद ह कि अजी उनका तो तुलसी नाम हैं। महकमें वाले ही बताते हैं कि पहले तो सुपरवाईजर रजाई गददे भी उठा लाते थे। ठेकेदारी भी निगम में उन्ही की चल रही है और अब किस्सा रबड़ी तक आ गया है। पहले 5 किलो रबड़ी मांगी फिर 3 किलो रबड़ी खा गये। पीने की बारी आई तो पांच बोतल की डिमांड और बात खुली तो खोखे वाले को समझा दिया कि तू कह देना कि मैने तुझे पांच सौ रूपये दिये हैं। मगर अब उनके जोन की धरा का ठेले वाला दस हजार की डिमांड से परेशान है। ठेले वाले ने ठिया लगाया है और सुपरवाईजर ने साफ कह दिया कि पूरे दस हजार।

# जीडीए-नगर निगम की अनदेखी

## राजनगर एक्सटेंशन वाले सड़क पर उतरे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ज्वाइंट फोरम हम- तुम रोड के सदस्यों ने रविवार की सुबह हम- तुम रोड पर स्थित एमआईपीएस कॉलेज एवं पुलिया के निकट बने गहरे जानलेवा गड्ढों को कड़कती ठंड में श्रम दान कर भरने एवं इस रस्ते को पैदल चलने लायक बनाने का का प्रयास कर यहां के निवासियों को कुछ राहत पहुंचने का प्रयास किया।

### सात सोसाटियों के 10 हजार लोग परेशान

गाजियाबाद के मुरादनगर विधानसभा अंतर्गत राजनगर एक्सटेंशन आवासीय क्षेत्र में स्थित यह लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क प्रशासन के उदासीन रवैए के चलते जर्जर स्थिति में पहुंच गई है, जिससे इस पर स्थित सात सोसाइटियों (दिया ग्रीन सिटी, निलाया ग्रीन्स, महक जीवन, राज विलास, मीडोज विस्ता, मोती रेजिडेंसी तथा संचार रेजिडेंसी) के हजारों निवासी परेशान हैं और इन गड्ढों से प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं से भय और तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की क्षेत्रीय विकास योजना में हम- तुम रोड को 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाया जाना प्रस्तावित है, लेकिन वर्तमान में यह रोड 5 से 6 मीटर ही चौड़ी है। इतनी छोटी सड़क पर गाजियाबाद नगर निगम के कूड़े के भारी भरकम ट्रक, बड़े-बड़े लोडर, आरएमसी के ट्रक चल रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूल की बस, सार्वजनिक यातायात के साधन ऑटो, रिक्शा आदि वाहनों की बहुतायत है। तेजी से चलते वाहनों की स्थिति रात्रि में स्ट्रीट लाइट न होने से और ही खतरनाक हो जाती है। महिलाओं और बच्चों को कभी भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार इस सड़क की समस्याओं से गाजियाबाद प्रशाशन के सभी विभागों और विधायक व सांसद को अवगत कराया गया है जिसमें मुख्यतः सड़क की मरम्मत एवं चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट लगाना, गति अवरोधक बनाना तथा ट्रकों एवं डंपरों के प्रवेश को रोकने के लिए निवेदन किया गया है, परंतु सभी विभाग एक दूसरे का कार्य बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। इस दौरान जॉइंट फोरम हम तुम रोड से चंदन चौबे (निलाया ग्रीन), शिवम पाराशर, स्कंद कुमार (निलाया ग्रीन), अनिल शर्मा (मोती रेसीडेंसी), ललित शर्मा (मिडो विस्ता), रक्षित (संचार आर्केड), जीएस भड़ाना (दिया ग्रीन), संदीप ठाकुर, पुष्पा रावत, राघवेंद्र प्रताप, शिवम अवस्थी, योगेश तोमर, बीके शर्मा, अनुज सैनी, संदीप चौहान, अशोक चौहान, मुरारी लाल शर्मा, अशोक त्यागी, हरीश और डॉ. उमेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# महिला की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

## पति के मोबाइल पर भेज दिए, डराकर लाखों रुपए वसूले; आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की थाना नंदग्राम पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसने बैंक में मिली एक महिला की हार्ड डिस्क से उसके और उसके पति के अश्लील फोटो और वीडियो रिकवर कर वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए ऐंठे थे। इतना ही नहीं पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

गाजियाबाद में डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना नंदग्राम में एक महिला ने सूचना दी कि एक शख्स ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार पैसे ऐंठ रहा है। साथ ही उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस मामले में मुकदमा लिखकर पुलिस ने आरोपी अजय सिंह अधिकारी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी अजय सिंह अधिकारी ने बताया कि वह 2021 में बैंक में काम करता था। इस दौरान यह महिला अपना खाता खुलवाने आई थी। आरोपी के मुताबिक उसके बाद इन दोनों की आपस में दोस्ती हो गयी और यह बात करने लगे। साथ ही कभी-कभी मिलने भी लगे। अजय के मुताबिक एक दिन उसने पीड़ित महिला से उसकी हार्ड डिस्क मांग ली जो खाली थी। अजय ने उस हार्ड डिस्क से महिला का डाटा रिकवर किया। जिसमें महिला और उसके पति के अश्लील फोटो और वीडियो थे। आरोपी ने इसके बाद महिला के यह फोटो वीडियो वायरल करके एक मुश्त 8 लाख और कई बार में डेढ़ लाख रुपए वसूले थे। महिला को डराने के लिए उसने यह फोटो और वीडियो महिला के पति के फोन में भी भेजे थे। आरोपी के मुताबिक इन पैसों से वह घूमने फिरने लगा था महंगे कपड़े खरीद रहा था और अपने शौक पूरे कर रहा था। आरोपी के कब्जे से दो आईफोन फोन बरामद हुए हैं।

# एटीएम से बैटरी चोरी में आरोपी गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** टीला शहबाजपुर गांव के बैंक आफ महाराष्ट के एटीएम से बैटरियां चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बैटरी, 26 सौ रुपऐ की नगदी तथा एक सब्बल छोटा हाथी टैंपो आदि बरामद हुआ है।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 25 दिसम्बर को टीला शहबाजपुर गांव स्थित बैंक आफ महाराष्टा के एटीएम से चोरों ने आठ बैटरिंया चोरी की थी। जिसकी रिपोर्ट बैंक की ब्रांच मैनेजर पूजा भार्गव ने बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस घटना का खुलासा करते हुए लोनी वार्डर पुलिस ने सोनू और उसके साथी रुपक शर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक बैटरी, छोटा हाथी टैंपो, 26 सौ रुपए की नगदी, सब्बल, आदि बरामद हुए हैं। दोनो आरोपी लोनी वार्डर थाने की गुलाब बाटिका कॉलोनी के रहने वाले हैं। आरेपियों ने बताया कि सात बैटरियां बेंच चुके हैं पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# किक्रेट टूनार्मेंट में झंडापुर गांव की टीम ने जीता कप



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को खेले गए फैब फाइव टूनार्मेंट के फाइनल मैच में रॉयलस्टार 11 ने ऑलराउंडर इलेवन को 6 विकेट से हराकर टूनार्मेंट को जीता। जिसमे टॉस जीतकर ऑलराउंडर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करा और पूरी टीम 20 ओवर में 141 रन बना पॉय। रॉयलस्टार11 की तरफ से रोहित और राहुल ने शानदार गेंदबाजी करते देखा करते हुए, 4 और 3 विकेट लिए, पंकज शुक्ला ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए, । लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयलस्टार11 का पहला विकेट 1 रन पर ही गिर गया उसके बाद टीम ने संभल कर खेलते हुए। लक्ष्य का पीछा किया, शन्नू ने 17 और प्रदीप ने 46 र न की पारी खेली, हर्ष ने 52 रन बनाकर टीम की जीत सुनीश्चित की।

इस मौक पर क्षेत्र पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय में टीम का हौसला बढ़ते हुए विजय टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर कप्तान हिमांशु चौधरी, उप कप्तान योगेंद्र उपाध्याय, पंकज शुक्ला, बंटी गौड़, विशाल यादव, नवीन शर्मा, आकाश तेवतिया, आशीष, हर्ष, सन्नू मंसूरी, प्रदीप, प्रिंस गुप्ता आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

# मुरादनगर में पेड़ काटने को लेकर चली गोली

## एक युवक की हालत गंभीर, पुलिस ने मौके से तमंचा और कारतूस बरामद किए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर में शनिवार रात को पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गई। गंभीर हालत में उसे गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बहादरपुर निवासी रोहित त्यागी व मनोज त्यागी के बीच विवादित जमीन में खड़े खेत में एक पेड़ को लेकर काफी समय विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात दस बजे के आसपास पेड़ काटने को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। बताया जा रहा है कि मनोज और रोहित पक्ष की और से जमकर फायरिंग हुई। एक गोली रोहित त्यागी के पैर में जा लगी। रोहित त्यागी को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि मौके से तमंचा व खोखा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक इस मामले कोई तहरीर नहीं आई है। जांच के बाद ही आगे की कारवाई की जाएगी।

### सेवा शिविर





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सिख समाज के पावन पर्व प्रकाश पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा सेवा शिविर आयोजित किया गया। साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वे प्रकाश पर्व पर शहर ताजियेदार रहीस अहमद द्वारा सेवा शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर ताजियेदार रहीस अहमद ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति एक दूसरे के सम्मान की संस्कृति है। यही संदेश हम हापुड मोड़ तिराहे पर कैंप लगा कर सेवा के माध्यम से दे रहे हैं। इस अवसर पर हाजी अज्जू बैंड वाले, यूसुफ कुरैशी, समीर शाही उर्फ अतहर कमाल, रइस अहमद, मोहसिन, राजू, मोइनुद्दीन, गुलाब, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




# किस सर्किल की बढ़ेगी टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नए साल के बाद नए समीकरण बनने की चर्चा शुरू हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात जोन में एक सर्किल की टेंशन बढ़ने की जानकारियां मिल रही हैं। बताया जा रहा है बीते दिनों उस सर्किल का एक मामला आया था, उसमें वहां के टू-स्टार अपना अलग स्टाइल दर्शा रहे थे। तो बताया जाता है कि सर्किल वाले अफसर को लेकर भी कई तरीके की जानकारी मिल रही हैं। कोई बता रहा है कि उनपर वर्क लोड बढ़ गया है। तो कोई कह रहा है की नए टू-स्टार का तालमेल हल्का चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक अभियान शुरू हुआ था, जिसके तहत होटल पर कार्रवाई की गई थी। सूत्र बता रहे हैं कि उस मामले में भी सर्कल को फटकार मिली थी। वही सूत्र बता रहे हैं कि एक मामले को लेकर थाने के टू-स्टार




भी जमकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए हैं। सुनने में आ रहा है कि अभी टू-स्टार नदिया पार वाले ही स्टाइल में हैं, पर वह जिस इलाके में हैं, वहां स्टाइल बदलने ही पड़ेगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात जोन को लेकर जल्द ही कुछ फेरबदल भी होंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कई थ्री- और टू- स्टार के अप्रूवल किए गए हैं। संभावना है कि कुछ दिनों में कुछ थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों की शार्ट लिस्ट जारी हो। इसके साथ ही सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि ओयो वाली कार्रवाई में मामला फटकार तक पहुंच गया था, तो लाइन की तमाम जिम्मेदारी भी दूसरे अधिकारियों पर ही भरोसा जताया जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात वाले इस सर्किल को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। साथ ही बीते दिनों संतो वाला मामला भी कम सनसनी नहीं मचा चुका है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि ट्रांस हिंडन वाले जोन से भी जाने वाले एसीपी को जल्द पार्टी दी जा सकती है। इसके साथ ही वहां नए फेस की तलाश लगभग पूरी बताई जाती है। इसके साथ ही किसी एक महिला एसीपी को जिम्मेदारी देने की चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। देखना होगा कि सर्दी वाले इस मौसम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तबादला लिस्ट कब गर्मी बढ़ाने का काम करती है और किस स्तर के अधिकारी और पुलिसकर्मियों के नाम फेर बदल वाली लिस्ट में आते हैं। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि 10 जनवरी से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की लोकल लिस्ट में ट्विस्ट आने की संभावना बनी हुई है। अब देखना होगा कि अधिकारियों द्वारा कब तक फैसला लिया जाता है।

# नोएडा में दो लाख की दवा चोरी करने वाला गिरफ्तार

## 50 हजार से अधिक की दवा बरामद, फार्मा कंपनी में जीडीए पर है तैनात



**नोएडा, करंट क्राइम।** सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित कंपनी में जीडीए के पद पर रहते हुए कंपनी से करीब दो लाख रुपए की दवाई चोरी कराने के आरोप में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर 60 हजार रुपये से अधिक की दवाई बरामद की है। पुलिस अब कंपनी में चोरी करने वाले आरोपी को खोज रही है।

### दवाओं के ऑडिट में आया सामने

एसीपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि 11 दिसंबर 2024 को अभिषेक जैन ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि वह सिग्नस मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में बिजनेस हेड हैं। उनकी कंपनी का सेक्टर-63 के ए ब्लॉक स्थित भूतल पर फामेर्सी का गोदाम है। 17 नवंबर को कंपनी द्वारा वेयर हाउस में रखे माल का रूटीन ऑडिट हुआ। पूरे स्टॉक की जांच करने पर गायब हुई दवाइयों के बारे में जानकारी हुई। जांच के दौरान पता चला कि वेयर हाउस में लगभग दो लाख रुपए कीमत की दवा कम हैं।

### सीसीटीवी फुटेज में आया सामने

वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि चार नवंबर की रात लगभग 8.30 बजे एक व्यक्ति पिछले हिस्से में लगी खिड़की के रास्ते एक व्यक्ति अंदर घुसा और दवाइयां चुराकर ले गया। शिकायतकर्ता का कहना था कि चोरी करने वाले व्यक्ति से वेयर हाउस में काम करने वाले किसी व्यक्ति से मिले होने की संभावना है। जिसने उसे बताया कि गोदाम में महंगी दवाईयां कहां रखी हैं। चोर गोदाम में घुसा और 15 मिनट के भीतर बैग में रखी महंगी दवाइयां चोरी करके जल्दी बाहर निकल गया।

पुलिस कैमरों की फुटेज के आधार पर चोर को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। जांच के बाद शनिवार को पुलिस ने कंपनी में जीडीए के पद पर कार्य करने वाले मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर की न्यू कॉलोनी निवासी सुमित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वह वर्तमान में पर्थला स्थित जनता फ्लैट में किराए पर रहता है। सुमित ने ही आरोपी को दवाइयों का स्थान बताया और चोरी कराई। पुलिस अब चोरी करने वाले शातिर को खोज रही है।

# वैश्य समाज की आधिकारिक मीटिंग संपन्न, आगामी 12 जनवरी को आयोजित होगा वैश्य विवाह परिचय सम्मेलन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैश्य समाज गाजियाबाद की आधिकारिक मीटिंग रविवार को अध्यक्ष गोपी चंद के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले वैश्य विवाह परिचय सम्मेलन को सफलतापूर्वक करने की रूपरेखा पर परिचर्चा हुई। सभी सदस्यों ने अपने सुझाव रखे व तन-मन-धन से संस्था को सहयोग का आश्वासन दिया। मीटिंग में दिनेश गोयल (विधायक), महेश चंद (हापुड़ वाले), राजकुमार(लोहे वाले), आनंद प्रकाश (लोहे वाले), नरेंद्र बंसल, केपी गुप्ता, जयकुमार गुप्ता (लोहा मंडी), राजीव मोहन गुप्ता, राजेश गुप्ता, नानक चंद, अनिल कुमार, आलोक मित्तल आदि सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# हापुड़ में वेयर हाउस के नाम पर 6 लाख हड़पे रुपए वापस मांगने पर की मारपीट, 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ सिटी कोतवाली इलाके के गांव असरा निवासी एक युवक से वेयर हाउस दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने अपने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए 2 हजार रुपए छीन लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गांव असरा निवासी हिमांशु राज के घर राजकुमार निवासी मुदाफरा के साथ ओमप्रकाश निवासी जिसोरा मुंडाली किठौर का आना जाना था। इसी बीच ओमप्रकाश ने वेयर हाउस के काम में कमाई की बात कही। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस के काम के नाम पर अपने साथियों शाकिर, फरीद, जाहिद, आमिर और सोहेल निवासी बागड़पुर बाबूगढ़ से मिलवाया। जिस पर उन्होंने हरियाणा में वेयर हाउस के काम की बात कहते हुए 8 लाख रुपए का काम बताया। जिस पर 5 लाख रुपए मुनाफे की बात कहते हुए 50%-50% प्रतिशत आपस में बांटने की बात कही। जिसके बाद आरोपी ओमप्रकाश ने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर एक लाख रुपए खाते में ले लिए। जबकि 5 लाख रुपए कैश ले लिए। इसके बाद जब कार्य अंतिम चरण में होने की बात कही गई तो उसने रुपयों के बारे में बातचीत की। जिस पर पूरा मामला खुल गया।

# ताइवान की सीमा में फिर घुसे चीनी विमान और पोत

## जिनपिंग ने नए साल पर ही दी थी धमकी



**ताइपे ।** चीन की सेना द्वारा लगातार ताइवान की संप्रभुता का उल्लंघन किया जा रहा है। अब एक बार फिर ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रविवार को भी चीन के पांच विमानों और चीनी नौसेना के छह जहाजों ने ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चार चीनी विमान ताइवान जलडमरूमध्य को पार कर ताइवान के वायु क्षेत्र में प्रवेश कर गए। शनिवार को भी चीनी विमानों ने ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया था ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'रविवार सुबह छह बजे ताइवान की सीमा के पास उड़ते पांच चीनी विमानों और छह जहाजों के बारे में पता चला। इनमें से चार विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिम एडीआईजेड में प्रवेश किया। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देंगे।' इससे पहले शनिवार को भी ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने अपने क्षेत्र के पास पीएलए के पांच विमानों और चीनी नौसेना के सात जहाजों को देखे जाने की बात कही थी। इनमें से तीन विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश कर गए थे।

चीन की सेना द्वारा हाल ही में ताइवान की सीमा के आसपास युद्धाभ्यास भी किया गया है। इससे ताइवान की सुरक्षा को लेकर चिंताएं उभर गई हैं।

दरअसल चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, लेकिन ताइवान खुद को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में देखता है। अमेरिका भी ताइवान का समर्थन करता है। यही वजह है कि चीन ने हाल के समय में कई बार ताइवान की सीमा का उल्लंघन कर उसकी संप्रभुता को चुनौती दी है। कई अमेरिकी विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन आने वाले समय में ताइवान पर हमला कर उसे जबरन अपने साथ मिलाने की कोशिश कर सकता है।

### धमकी चीन के साथ ताइवान को मिलने से कोई नहीं रोक सकता

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नए साल के मौके पर देश को संबोधित करते हुए ताइवान को चीन के साथ मिलाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कही थी। जिनपिंग ने लगभग धमकी देते हुए कहा कि चीन के साथ ताइवान को मिलने से कोई नहीं रोक सकता और चीन अपनी कोशिशें जारी रखेगा।

# सिंगापुर में बढ़ रहीं नकली शादियां

## 2024 में सामने आए 32 मामले



**सिंगापुर।** सिंगापुर में नकली शादियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सिंगापुर के पुरुष पैसा कमाने के लिए विदेशी महिलाओं के साथ झूठी शादी कर रहे हैं। विदेशी महिलाएं देश में लंबे समय तक रहने और काम करने के लिए शादियां कर रही हैं। इसे लेकर सिंगापुर के अधिकारियों ने चिंता जताई है। हाल ही में एक फर्जी शादियों को लेकर सिंडिकेट के सामने आने के बाद अधिकारी सतर्क हो गए हैं। अधिकारियों का मानना है कि ऐसी शादियों से सामाजिक समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे मामलों को लेकर सिंगापुर इमिग्रेशन और चेकपॉइंट्स अथॉरिटी ने सतर्कता बढ़ा दी है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सिंगापुर में नकली शादियों के मामलों को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। आईसीए ने बताया कि 2024 में नकली शादियों के मामले जनवरी से सितंबर तक बढ़कर 32 हो गए। जो कि 2023 में सिर्फ चार थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर में नकली शादी करने के लिए विदेशी महिलाएं पुरुषों को पैसा देती हैं। ताकि वे यहां पर रहने और काम करने की अनुमति पा सकें। लेकिन इससे सामाजिक स्तर पर समस्याएं बढ़ने के साथ ही विदेशियों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका बढ़ती है।

एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंगापुर आईसीए अधिकारियों ने हाल ही में एक ऐसे जोड़े को पकड़ा, जहां पर पत्नी अलग रह रही थी और पति अलग। साथ ही पुरुष की मां को पता ही नहीं था कि बेटा शादीशुदा है। दोनों को गिरफ्तार करके मामले की जांच की जा रही है।

आईसीए अधिकारियों का कहना है कि नकली शादियां अवैध हैं और इनको खत्म करने के लिए प्रवर्तन प्रयासों में इजाफा किया जा रहा है। इसके लिए अपराधियों को दस साल तक की कैद और 10,000 सिंगापुर डॉलर का जुमार्ना हो सकता है।

# चीन में बने ड्रोन्स पर प्रतिबंध लगा सकता है अमेरिका

## ड्रैगन ने दी धमकी- इसका दृढ़ता से विरोध करेंगे



**बीजिंग ।** अमेरिका की सरकार चीन में बने ड्रोन्स पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। अमेरिकी सरकार के इस कदम से चीन बुरी तरह तमतमा गया है और उसने धमकी दी है कि अगर अमेरिका ने चीन में बने ड्रोन्स पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया तो इससे दोनों देशों के बीच का व्यापार भी बाधित हो सकता है। इस मामले से साफ है कि चीन और अमेरिका के बीच जारी प्रतिद्वंदिता बढ़ सकती है और डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद इसमें और तेजी की आशंका है।

अमेरिका की बाइडन सरकार ने गुरुवार को बताया कि वे ऐसे नियम बनाने पर विचार कर रहे हैं, जिसके तहत चीन में बने ड्रोन्स के अमेरिका आने को प्रतिबंधित किया जा सकता है। अमेरिका के इस कदम की आलोचना करते हुए चीन ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा का बहुत ज्यादा विस्तार बताया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि 'इस तरह की कार्रवाइयों से सामान्य आर्थिक और व्यापारिक आदान-प्रदान भी बाधित हो सकता है। चीन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बहुत विस्तार देने का दृढ़ता से विरोध करता है और इससे वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला भी कमजोर हो सकती है।' चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि चीन अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा।

### क्या है विवाद की वजह

अमेरिकी संसद की चीन की वामपंथी पार्टी के साथ प्रतिस्पर्धा को लेकर गठित द्विदलीय समिति ने बीते दिनों चीन में बने ड्रोन्स को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। दरअसल अमेरिका में बीते साल जून में जांच शुरू की गई थी, जिसमें संवेदनशील अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों के पास चीनी ड्रोन्स की बढ़ती उपस्थिति पर चिंता जताई गई थी और जासूसी और निगरानी की आशंका जाहिर की गई थी। जांच के बाद अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी और सेवाओं के तहत चीन में बने ड्रोन्स पर प्रतिबंध लगाने पर विचार शुरू कर दिया है।

# इंग्लैंड के अस्पतालों में तेजी से बढ़ रहे फ्लू के मामले

**लंदन ।** इंग्लैंड के अस्पतालों में फ्लू के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। सरकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि फ्लू से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या एक महीने पहले के मुकाबले चार गुना अधिक हो गई है। इसे देखते हुए नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) ने फ्लू का टीका लगवाने की चेतावनी जारी की है।



बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह के अंत में अस्पतालों में फ्लू से पीड़ित 5,000 मरीजों का इलाज चल रहा था, जो कि 2023 में इसी समय की तुलना में लगभग 3.5 गुना ज्यादा है। हालांकि, यह 2022 के मुकाबले उतना ज्यादा नहीं है।

रॉयल कॉलेज ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन के प्रमुख ने बताया कि अस्पतालों पर दबाव 'अस्वीकार्य रूप से भयानक' है, और फ्लू उन्हें टूटने के कगार पर पहुंचा रहा है। यह चेतावनी इस सप्ताह के अंत में होने वाले ठंडे मौसम के कारण कमजोर रोगियों और स्वास्थ्य प्रणाली पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर दी गई है।

प्रतिदिन पांच हजार से अधिक मामले चिंता का विषय एनएचएस के राष्ट्रीय नैदानिक निदेशक (तत्काल एवं आपातकालीन देखभाल) प्रोफेसर जूलियन रेडहेड ने कहा कि आंकड़े दशार्ते हैं कि नए साल के शुरू होने से पहले फ्लू का दबाव कम होने के करीब भी नहीं है। पिछले सप्ताहांत में, अस्पतालों में प्रतिदिन 5,000 से अधिक मामले सामने आ रहे थे।

# बीते दशकों में सबसे ज्यादा भारत समर्थक रहा अमेरिकी प्रशासन, विशेषज्ञ बोले- नए राष्ट्रपति के लिए यह कठिन

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर बड़ा दावा किया गया है। एक थिंक टैंक की विशेषज्ञ ने कहा है कि बीते दशकों में अमेरिकी प्रशासन भारत का सबसे अधिक समर्थक रहा है और अगले राष्ट्रपति के लिए ऐसा करना कठिन होगा। क्योंकि आने वाला ट्रंप प्रशासन महाशक्ति के तौर पर राजनीति करने में विश्वास रखने वाला है।



हडसन इंस्टीट्यूट थिंक-टैंक में इनिशिएटिव ऑन द फ्यूचर ऑफ इंडिया एंड साउथ एशिया की निदेशक अपर्णा पांडे ने बताया कि अमेरिका का मौजूदा बाइडन प्रशासन बीते दशकों में सबसे अधिक भारत समर्थक रहा है। किसी भी राष्ट्रपति प्रशासन के लिए इसका अनुसरण करना कठिन होगा। भारत के साथ अमेरिका के संबंध इसलिए मजबूत हुए क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में संबंधों में गहराई आई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक पतन और भाड़े पर हत्या की घटना से जुड़े मुद्दे जैसी परेशानियों ने साझेदारी को पटरी से उतरने नहीं दिया। भारत की चिंता चाहे पाकिस्तान हो या चीन को ध्यान में रखा गया। अमेरिका ने चीन को लेकर भारत को खुफिया जानकारी और अन्य सहायता प्रदान की। हालांकि बांग्लादेश को लेकर दोनों के बीच असहमति बनी रही। ट्रंप प्रशासन के दौरान अमेरिका भारत संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि भारत ऐसे देशों में एक जिन्हें द्विदलीय समर्थन प्राप्त है। ट्रंप के प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं और भारत के बारे में उनका समग्र दृष्टिकोण सकारात्मक है। प्रमुख पदों के लिए उनके नामित प्रतिनिधि माइक वाल्ट्ज, सीनेटर मार्को रुबियो ने लंबे समय से भारत के पक्ष में रुख व्यक्त किया है। इससे यह तो साफ है कि अधिकांश नीतियां जारी रहेंगी। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में ही भारत-प्रशांत नीति, क्वाड और भारत के साथ उच्च प्रौद्योगिकी (एसटीए-1) साझा करना शुरू किया गया था। इसलिए इनमें से अधिकांश के जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ट्रंप 2.0 की चीन के आर्थिक, तकनीकी और सैन्य विकास को पीछे धकेलने या रोकने की इच्छा के पीछे साफ है कि भारत को इस प्रयास में भागीदार के रूप में देखा जाए। जब पाकिस्तान की बात आती है तो देखना होगा कि चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं, लेकिन अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि चीजें सुधरेंगी। भारत-चीन संबंधों को लेकर ट्रंप 2.0 अपनी नीतियों और भारत के लिए बाइडन प्रशासन की समर्थन नीतियों को जारी रख सकता है। बांग्लादेश के मोर्चे पर हालात सुधर सकते हैं और दोनों देश एक साथ काम करने में सक्षम हो सकते हैं।

अर्पणा पांडे ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के दौरान दीर्घकालिक व्यापार मतभेद, भारत से अवैध आव्रजन की उच्च दर और भारत और अधिकांश देशों से वैध आव्रजन चुनौती भरा रहेगा।

# 217 डिजाइनर बैग, 75 लग्जरी घड़ियां जानें कितनी अमीर हैं थाईलैंड की सबसे युवा पीएम शिनावात्रा

**बैंकॉक ।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने शुक्रवार को अपनी संपत्ति की घोषणा की। उनकी 400 मिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति में 217 डिजाइनर हैंडबैग, 75 लग्जरी घड़ियां शामिल हैं। उनकी राजनीतिक पार्टी ने यह जानकारी राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एनएसीसी) को दी है। गौरतलब है कि शिनावात्रा थाईलैंड की अब तक की सबसे युवा प्रधानमंत्री हैं।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पैटोंगटार्न की कुल संपत्ति 13.8 बिलियन बहत (लगभग 400 मिलियन डॉलर) है। इसमें 11 बिलियन बहत के निवेश और एक बिलियन बहत नकद और जमा शामिल हैं। उनकी संपत्ति में 162 मिलियन बहत की कीमत की 75 घड़ियां, 39 अन्य टाइमपीस और 76 मिलियन बहत की कीमत के 217 हैंडबैग शामिल हैं। इसके अलावा, उनके पास लंदन और जापान में भी संपत्ति है।

स्थानीय मीडिया द्वारा साझा किए गए ठअउउ के दस्तावेज के अनुसार, पैटोंगटार्न ने लगभग 5 बिलियन बहत की देनदारियों की जानकारी दी है, जिसके बाद उनकी कुल संपत्ति 8.9 बिलियन बहत (258 मिलियन डॉलर) रह गई है। पैटोंगटार्न थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी हैं।

# ब्रिटेन के पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग्स

## जिन पर 1400 बच्चियों के शोषण का आरोप

**लंदन ।** ब्रिटेन के ग्रूमिंग गैंग्स की इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। खासकर सोशल मीडिया पर इन्हें लेकर काफी कुछ लिखा जा रहा है। इस बहस में दिग्गज अरबपति एलन मस्क और मशहूर लेखिका जेके राउलिंग जैसे हस्तियां भी कूद गई हैं। एलन मस्क ने तो ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स से कीर स्टार्मर सरकार को बर्खास्त करने की ही मांग कर दी है क्योंकि स्टार्मर सरकार पर इन ग्रूमिंग गैंग्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लग रहा है। दरअसल इन ग्रूमिंग गैंग्स पर ब्रिटेन में 1400 बच्चियों को यौन शोषण और उनमें से कई को देह व्यापार में धकेलने, नशे का आदी बनाने के आरोप लग रहे हैं।




ब्रिटेन में इन दिनों 'रॉदरहैम स्कैंडल' का मामला सुर्खियों में है, इसे 'ग्रूमिंग गैंग स्कैंडल' के नाम से भी जाना जाता है। साल 2022 में एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इंग्लैंड के रॉदरहैम, कॉर्नवाल, डबीर्शायर समेत कई शहरों में साल 1997 से 2013 के बीच करीब 1400 नाबालिग बच्चियों का संगठित अपराध के तहत शोषण किया गया। इन संगठित गैंग्स ने बच्चियों को बहला-फुसलाकर उनका शोषण किया और उनकी तस्करी की। इन बच्चियों का शोषण करने वाले लोगों में अधिकतर पाकिस्तानी मूल के लोग हैं। हाल ही में ब्रिटेन की विपक्षी पार्टी कंजर्वेटिव पार्टी ने ग्रूमिंग गैंग स्कैंडल की जांच की मांग की है, लेकिन कीर स्टार्मर की सरकार ने इससे इनकार कर दिया है।

ग्रूमिंग गैंग्स का मतलब उन लोगों से है, जो छोटी बच्चियों को अपना शिकार बनाते हैं और उनका शारीरिक, मानसिक शोषण करते हैं। ये बच्चों के दोस्त बनकर पहले उनका विश्वास जीतते हैं ।

# हमास ने बंधक महिला सैनिक का वीडियो जारी किया

## परिजन बोले- ये वो लिरी नहीं है, जिसे हम जानते हैं





**तेल अवीव ।** हमास ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें इस्राइल की बंधक महिला सैनिक लिरी अलबाग दिखाई दे रही है। हमास ने लिरी अलबाग को 7 अक्तूबर 2023 के हमले के वक्त अगवा कर लिया था। साढ़े तीन मिनट के इस वीडियो में तारीख नहीं दी गई है। वीडियो में अलबाग ने कहा कि वह बीते 450 दिनों से बंधक है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो हाल का ही है। इस्राइली मीडिया ने ये वीडियो जारी नहीं किया है।

**7 अक्तूबर 2023 को हमास ने अलबाग को अगवा किया था :** लिरी अलबाग (19 वर्षीय) इस्राइली सेना में सर्विलांस सैनिक के पद पर हैं और हमास के हमले के वक्त वह नाहल ओजी मिलिट्री बेस पर तैनात थी। हमास के हमले में इस बेस के 15 सर्विलांस सैनिक मारे गए थे और अलबाग समेत छह इस्राइली महिला सैनिकों को बंधक बना लिया गया था। अगवा की गई एक महिला सैनिक को रिहा कर दिया गया था और एक की कैद के दौरान ही मौत हो चुकी है। अब अलबाग समेत चार इस्राइली महिला सैनिक अभी भी हमास की कैद में हैं। गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच शांति समझौते की कोशिशें हो रही हैं और हमास द्वारा वीडियो जारी करना दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। इस्राइली प्रतिनिधिमंडल इन दिनों हमास के प्रतिनिधिमंडल से शांति समझौते पर चर्चा के लिए कतर में मौजूद है।

लिरी अलबाग का वीडियो जारी होने पर उसके माता-पिता ने भी एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में लिरी के परिजन बोले कि 'ये हमारी वो बेटी नहीं है।

# इस्राइल ने गाजा पर फिर किए हवाई हमले

**गाजा ।** इस्राइल की ओर से एक बार फिर से गाजा पर हवाई हमले किए गए हैं। शनिवार देर रात को गाजा में इस्राइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इस हवाई हमले में मरने वालों में कम से कम दो बच्चे भी



शामिल हैं। एपी की रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमास की ओर से कुछ बंधकों का एक वीडियो जारी किया था। जिसके बाद इस्राइल में बड़ी संख्या में लोगों ने रैली निकाली थी। जिसके बाद इस्राइल की ओर से ये हवाई हमला किया गया है। इस हमले को वीडियो की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है। हमास से संबद्ध सिविल डिफेंस की ओर से जारी बयान में कह गया कि हवाई हमले में गाजा शहर में सराया परिसर के पीछे का आवासीय क्षेत्र नष्ट हो गया।

# विश्व बैंक पाकिस्तान को देगा 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद ।** विश्व बैंक पाकिस्तान के लिए 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पैकेज को मंजूरी देने के लिए तैयार है। यह एक 10 वर्षीय पहल है जो पाकिस्तान की वित्त पोषित परियोजनाओं को राजनीतिक बदलावों से बचाएगी और छह लक्षित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस कार्यक्रम का नाम पाकिस्तान कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क 2025-35 रखा गया है, जिसका लक्ष्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार करना है। इसका ध्यान बच्चों में बौनेपन को कम करने, गरीबी से निपटने, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण को डीकार्बोनाइज करने और उत्पादकता में सुधार के लिए निजी निवेश को बढ़ावा देने पर केंद्रित किया जाएगा।




दक्षिण एशिया के वैश्विक कर्ज प्रदाता के उपाध्यक्ष करेंगे इस्लामाबाद का दौरा बता दें कि 2025 से 2035 के बीच पाकिस्तान में तीन आम चुनाव होने के अनुमान है। इस कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क को 14 जनवरी को विश्व बैंक बोर्ड की तरफ से स्वीकार किया जाना है। दक्षिण एशिया के वैश्विक कर्ज प्रदाता के उपाध्यक्ष मार्टिन रायसर के इस्लामाबाद का दौरा करने की उम्मीद है। विश्व बैंक के आकलन के अनुसार, यह कार्यक्रम को देश की अस्थिर राजनीति और सरकारी परिवर्तनों के बाद प्राथमिकताओं और अनुरोधों में बार-बार होने वाले बदलावों से बचाने में मदद करेगा।

एक पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा, ₹विश्व बैंक ने पाकिस्तान को पहले देश के रूप में चुना है।₹ विश्व बैंक की तरफ से जारी बयान में कहा गया, ₹20 बिलियन अमेरीकी डॉलर में से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) 14 बिलियन अमरीकी डालर का ऋण देगी और शेष 6 बिलियन अमरीकी डालर अपेक्षाकृत महंगी विंडो के माध्यम से प्रदान किए जाने का अनुमान है।

## मिजोरम राज्य के महामहिम गवर्नर जनरल वीके सिंह 7 जनवरी को मिजोरम के लिए प्रस्थान करेंगे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि देश के सर्वोच्च पद से सेवानिवृत होकर पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह 7 जनवरी को मिजोरम राज्य के महामहिम गवर्नर बनने के बाद मिजोरम के लिए प्रस्थान करेंगे। 8 जनवरी को मिजोरम सरकार द्वारा परंपरागत शैली में उनका सम्मान किया जाएगा, उसके बाद वह मिजोरम के गवर्नर के रूप में अपना कार्य प्रभार संभालेंगे। इससे पहले वह 10 साल गाजियाबाद के सांसद के रूप में, और देश के दो महत्वपूर्ण पद पर केंद्रीय राज्य मंत्री का कार्य प्रभार कर चुके हैं। भारत के संकट मोचन कहलाए जाने वाले जनरल वीके सिंह जिन्होंने अपने कार्यकाल में देश में ही नहीं, विदेशों में भी भारत का नाम रोशन किया, अब मिजोरम के महामहिम के रूप में अपना कार्य करते हुए वहां के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाएंगे। जैसे उन्होंने 10 साल तक गाजियाबाद के नागरिकों के दिल में जगह बनाई, उनको आज भी गाजियाबाद के नागरिक उनका मान सम्मान करते हैं।

जनरल वीके सिंह ने 10 सालों में जनता से जो वादा किया उसको पूरा किया और गाजियाबाद का नाम रोशन किया। हमें नाज है ऐसे देश प्रेमी, देश के सर्वोच्च पद थल सेना अध्यक्ष से, सेवानिवृत होकर देश की सेवा में लगे रहे। महानगर के सभी नागरिकों को उन पर फक्र है, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिजोरम के गवर्नर बनने पर दिल की गहराइयों के साथ उनका वंदना अभिनंदन करते हैं।

## सांसद अतुल गर्ग के पिता स्व. दिनेश चंद गर्ग के जन्मदिवस पर विभिन्न जगह आयोजित किए गए भंडारे

### विजय नगर उत्सव भवन में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब गाजियाबाद में प्रमुख व्यक्तियों को याद किया जाता है तो उसमें पूर्व महापौर स्व. दिनेश चंद गर्ग का नाम सम्मान से लिया जाता है। रविवार को डी सी गर्ग के जन्मदिवस पर शहर में आधे दर्जन से ज्यादा-जगह भंडारों का आयोजन कर याद किया गया। विजय नगर उत्सव भवन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार व कवि राज कौशिक ने अपने विचार रखते हुए कहा कि दिनेश चंद गर्ग प्रथम महापौर के साथ-साथ शहर के प्रथम सीए भी रहे हैं। बेहद सरल और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी रहे दिनेश चंद गर्ग वर्ष 1972 में नगरपालिका के चेयरमैन और वर्ष 1995 से 2005 तक लगातार दो बार महापौर चुने गए। वह जनपद के पहले चार्टेड एकाउंटेंट थे। उनकी पहचान टैक्स गुरु के रूप में भी थी। गर्ग साहब ने अपने विरोधियों को भी अपनी कार्यशैली से अपना मुरीद बना रखा था। आज भी हम सभी के दिलों में उनके लिए प्रेम और सम्मान भरा हुआ है। आप ही के पुत्र अतुल गर्ग को विधायक के रूप में सेवा करते हुए जनता ने रिकार्ड मतों से सांसद चुना है। पूर्व पार्षद सुनील यादव व व्यायाम की टीम ने जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक सामान वितरित किए।





इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अंकुर अग्रवाल, अनुज मित्तल, संजीव मित्तल, यशवर्धन गुप्ता कूलर वाले, भूषण यादव, देवेंद्र मित्तल, मास्टर मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र, दुष्यन्त गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

## लोनी में बेकाबू कार ने दो युवतियों को मारी टक्कर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना लोनी क्षेत्र की पुलिस चौकी तिराहा के पास बेकाबू कार ने दो युवतियों को टक्कर मार दी। घायल दोनों युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने कार को बरामद कर लिया है लेकिन दिल्ली निवासी कार चालक अभी फरार है। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि थाना लोनी क्षेत्र में पड़ने वाली पुलिस चौकी तिराहा के पास एक बेकाबू कार ने दो युवतियों को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक कार को लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने कार और कार चालक की तलाश के लिए चेकिंग अभियान शुरू किया तो पुलिस ने कार को बरामद कर लिया है। वहीं दिल्ली के करावल नगर निवासी कार चालक अभी फरार हैं। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश कर रही हैं। जल्द ही उसको भी पकड़ लिया जाएगा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब के दिल के करीब रहने वाले गुप्ता जी ने बना लिया है उनके स्वागत का बड़ा प्लान? सुना है मिजोरम से उन्होंने पारम्परिक टोपियों की बड़ी खेप मंगवा ली है श्रीमान? वो कर रहे हैं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में साहब के भव्य स्वागत की तैयारी? अभी उनकी ओर से और भी चीजों का मंगवाना है जारी? बस वो साहब के समय का कर रहे हैं इंतजार? इधर होगी ओके, उधर खुलकर लिखने वाले गुप्ता जी कर देंगे कार्यक्रम जोरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था डीएलएफ वाले प्रोग्राम में मौजूद? यहां पर पूरे मान से नजर आ रहा था पंच में मन लगाने वाले चौधरी साहब का वजूद? फिर ना जाने कुछ ऐसी घटना? उन्होंने जरूरी समझा मंच से हटना? जैसे ही हुई विधायक जी की हैवीवेट एन्ट्री? वैसे ही मंच से खुद को चौधरी साहब ने कर लिया दूर? दिल तो है दिल इस दिल का ऐतबार क्या कीजिए हुजुर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था कुछ दिन पहले महानगर के भगवा ओबीसे चेहरे के पास? उनके अल्फाज करा रहे थे जिले में होने वाली ओबीसी वाली ताजपोशी का एहसास? महानगर के बड़े ओबीसी चेहरे दे रहे थे खुल कर ये संदेश? कह रहे थे लिख कर रख लो हमारी बात? जिले का ओबीसी चेहरा नहीं बनेगा अध्यक्ष वाला फेस? वेस्टर्न की सूची जिस दिन आयेगी बाहर? सबसे पहले होगा उसमें इसी चेहरे का नाम बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दोस्त-दोस्त ना रहा, ये गाना हमने काफी बार सुना है भाई? मगर भाई ने भाई का साथ क्यों नहीं दिया, इस तरह की बात है नदिया पार से निकल कर आई? सुना है गुर्जर ब्रदर ने भगवा कमिश्नरी वाले मैटर में नहीं दिया है अपने ही ब्रदर का साथ? इस मामले में उन्होंने लैटर लिख कर किसी और के लिए प्रकट किये हैं अपने जज्बात? हालांकि जिसकी की है गुर्जर ब्रदर ने सिफारिश? वो भी उनकी बिरादरी से ही आते हैं श्रीमान? बड़े ही इमोश्नल तरीके से लगायी है है गुजारिश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विकास वाले महकमें में बड़े वाले साहब ने सभी अधिकारियों को दिये 10 में से 0 नंबर? मगर यहां पर अपर वालों का मामला छू रहा था अंबर? साहब ने कहा आपकी वर्किंग रही है बहुत ही खास? इसलिए 10 में से 10 नंबर पाते हैं आप? अब आप ही पहचानों कौन हैं विकास वाले महकमे का ये शख्स? जबसे की है इनकी तारीफ तब से खा रहे हैं कई चेहरे इनसे रश्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा सौलंकी चाचा का गजब का है अंदाज? उन्होंने भले ही कुछ खास ना मिला हो? मगर भगवागढ़ में सक्रियता में उनका अलग ही है अंदाज? सुना है वो हैवीवेट वालों के पास लेकर गये थे अपना बायोडाटा? शब्द उनके मजबूत नजर आ रहे थे, नहीं दिख रहा था उसमें घाटा? उनसे किसी से पूछा कि अब क्या पाने की है मुहिम? बिना लाग-लपेटे उन्होंने कहा अब मुझे बनना है महामहिम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही भगवा पहलवान इस वक्त दिख रहे हों राजनीति वाले प्लेटफार्म से दूर? मगर समर्थक तो समर्थक हैं, उनके दिल का है क्या कसूर? सुना है उनके दिल का करीब एक नदिया पार का भगवा कमिश्नर दिल के बल्ले-बल्ले वाले जज्बातों को लेकर गया था उनके पास? लगाई थी कुछ अपने पक्ष में अरदार? सुना है यहां पर मिस्टर रेस्लर ने दिया कुछ टका सा जवाब? कहा मैं घर पर आराम कर रहा हूं? राजनीति नहीं कर रहा हूं खास? आप ऊपर वालों से करो सम्पर्क? मुझसे मुलाकात करके नहीं पड़ना है कोई फर्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रैपिड वाले एरिया में बैठे थे भगवागढ़ के बड़े बड़े चेहरे साथ? यहां पर चल रही थी आपस में तरह-तरह की बात? सुना है यहां पर एक बड़े नेता ने रखे दूसरे बड़े नेता से दिल के जज्बात? कहा आप हमें इतना भी मीठा मत कहो? इसका संदेश जाता है कुछ खास? सुना है इसके बाद छा गई सभी चेहरों पर मुस्कुराहट? पता चला है करंट क्राइम को लेकर ही कुछ हो रही थी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारे गाजियाबाद के सभी बड़े भगवा योद्धा अगर कर लेते कल ट्रेन में सफर? तब लगता हमारे दिल को ठीक? सुना है सब प्लेटफार्म से दूर ही रह गये, नहीं पहुंचे ट्रेन के नजदीक? 2 घंटे पहले पहुंच कर मात्र एक मिनट में हो गया मुलाकात का अंत? सुना है ये शब्द कार्यकर्ताओं के बीच में चल रहे हैं? बातें तो चलती रहती हैं, उनका कहां होता है अंत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल वाली अध्यक्षी में गंभीर होता जा रहा है मैटर? सुना है एक चेहरे ने विधायक जी के खिलाफ पार्टी आला-कमान को भेजे हैं 6 लैटर? पता चला है उन्होंने लैटर में किया है विधायक जी के दखल का जिक्र? देखना अब ये है कि उनके इन पत्रों की पार्टी करती है कितनी फिक्र?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## सहपाठी ने छात्र की आंख में पैन घोंपा

**लोनी करंट क्राइम।** दसवीं क्लास के छात्र ने अपने सहपाठी की आंख में पेन घोंप दिया। जिससे उसकी आंख खराब हो गई। परिजनों ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कारवाई की है।

लोनी बॉर्डर थाने की सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी मनजीत ने बताया कि उसका 15 साल का भतीजा वंश पास के ही जेपी पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। उसके कक्षा में ही उसका हम उम्र छात्र पढ़ता है। दोनों की आपस में नोक झोंक होती रहती है। आरोप है कि तीन दिसंबर को सहपाठी ने वंश की आंख में पेन घोंप दिया। जिससे उसकी आंख खराब हो गई। परिजन वंश को को उपचार के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल में ले गए, लेकिन चिकित्सों ने उसकी आंख को पूर्णतया खराब घोषित कर दिया। जिससे उसके परिजन दुखी है। उन्होंने आरोपी सहपाठी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

## अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी एवं पार्षद रवि भाटी ने लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी एवं पार्षद रवि भाटी ने रविवार को प्राचीन श्रीराम मंदिर, शालीमार गार्डन मैन में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने बताया इस कैंप में मुफ्त जांच जैसे आंखों की जांच, फ्री चश्मे वितरण, फ्री दवाइयां, फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन, मैमोग्राफी टेस्ट, महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच, ईसीजी, ब्लड टेस्ट, लंग्स टेस्ट, बी.एम.डी. हड्डियों में कैल्शियम की जांच, ब्लड प्रेशर, ब्लडशुगर, विटामिन टेस्ट अन्य संबंधित परीक्षण किए गए। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए जनरल फिजिशियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहे।

पार्षद रवि भाटी ने बताया कि मेडिकल कैंप में 380 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 160 लोगों को चश्मे वितरण किए गए। 250 लोगों को दवाइयां वितरण की गईं। 40 लोगों की ईसीजी की गई एवं 20 महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच मेमोग्राफी से की गई, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 6 लोगों को लेजाया गया इत्यादि। क्षेत्रवासियों ने हेल्थ कैम्प का लाभ लिया।




इस मौके पर कैंसर और हार्ट केयर फाउंडेशन से इंद्रमणी अग्रवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, कालीचरण पहलवान पार्षद, विशंभर दास शर्मा समाजसेवी, डाक्टर आरके पोद्दार राष्ट्रीय अध्यक्ष, आरके गोयल राष्ट्रीय मंत्री, हरिओम मित्तल, कैलाश यादव, दीपक ठाकुर, सोमनाथ चौहान, हरीश खर्कवाल, भोपाल यादव, मुकेश यादव, बिंदेश्वरी ठाकुर, वीरपाल कटारिया, सरवन, शिव लोचन गौड़, दीपक मिश्रा, कैलाश भट्ट, अशोक भाटी, यशपाल, हरीश, कैलाश, आदित्य, सोनू चौधरी, अशोक शिशोदिया, राजेश सिंह, मुकेश, भूषण, बबली चौहान, पूजा, सविता भड़ाना इत्यादि समिति के लोगों ने कैम्प में सहयोग किया।

## पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने रविवार को चंद्र नगर पार्क के फुटपाथ का नावीकरण, सौंदर्यकरण का शुभारंभ किया। पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा कि पार्क के फुटपाथ का निर्माण नहीं होने पर क्षेत्र लोग उनसे लगातार शिकायत कर रहे थे जिसको गंभीरता से लिया गया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता है, जो भी समस्या उनके सामने आती है। वह उसके निस्तारण का हर संभव प्रयास करते हैं। आगामी समय में भी कई समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही क्षेत्र के लोगों को करोड़ों की योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए भाजपा वरिष्ठ नेत्री रीता सिंह, अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, पुष्कल सिंह, मुकेश शर्मा, मुकेश अग्रवाल, किरण शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेश गुप्ता ने किया आयुष्मान कैम्प का आयोजन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा की केंद्रीय कार्यालय में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेश गुप्ता के द्वारा 5 जनवरी को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान वय वंदना कार्ड का कैम्प सिद्धार्थ विहार में लगाया। सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के कोई भी वरिष्ठ नागरिक, चाहे वो किसी भी वर्ग के हों, इस कार्ड को बनवा सकते हैं और इस कार्ड के द्वारा 5 लाख के मुफ्त उपचार का लाभ उठा सकते हैं।

राजेश गुप्ता ने बताया कि इस कैम्प में संपूर्ण सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद के 12 सोसाइटी प्रतीक ग्रैंड सिटी, अपेक्स क्रेमलिन, गौर सिद्धार्थम सोसाइटी, गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट्स, फ्रेग्रेन्स अपार्टमेंट टी एन्ड टी होम्स, ब्रह्मपुत्र इनक्लेव, काशीराम सोसाइटी, गोकुलधाम सोसाइटी, वृंदावन सोसाइटी व अन्य सोसाइटी, इंदिरापुरम और अन्य जगहों से लगभग एक सौ सत्तर लोगों के कार्ड बनाए गए। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्ड को बनाने के बाद जो भी जरूरतमंद हों उन्हें पांच लाख रुपए तक का इलाज सरकार की तरफ से बिल्कुल मुफ्त दिया जाएगा। इस कैंप का आयोजन करने में राजेश गुप्ता के साथ मुख्य रूप से वार्ड 51 के पार्षद संतराम यादव जी भी मौजूद रहे। इसके अलावा विपिन गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, अखंड सिंह, संतोष राय, दिग्विजय राय, आर बी सहाय, राजेन्द्र कुशवाहा, अचल मिश्रा, शांतनु पंडित, नीरज, कृष्णा सरस्वत, विनोद मौरे, शुभम गर्ग आदि मौजूद रहें।



## सोशल अवेयरनेस सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोशल अवेयरनेस सोसायटी द्वारा विगत 20 वर्षों से निरंतर कंबल वितरण कार्यक्रम जनवरी माह में आयोजित किया जाता रहा है। इसी क्रम में रविवार को सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष विनीत शर्मा के राजनगर सेक्टर 10 स्थित कार्यालय पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सोसायटी के सदस्यों द्वारा गरीब और असहाय लोगों को लगभग 1100 कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण के साथ-साथ सोसायटी द्वारा जरूरतमंदों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अजीतपाल त्यागी व विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व महापौर अशु वर्मा उपस्थित रहे।





## पांच प्यारों की अगुवाई में शहर में निकला नगर कीर्तन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। इस अवसर पर नगर कीर्तन में पहुंचने पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी द्वारा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, एसीपी सिटी राजेश कुमार को पगड़ी पहनाकर, शाल ओढ़ा कर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर कीर्तन बजरिया स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से शुरू होकर गांधीनगर गुरुद्वारे पर समाप्त हुआ। सत्संगत के भाई-बहनों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से पूरे ही रास्ते में प्रसाद वितरत किया। पारंपरिक पोशाकें पहनकर बच्चों ने घोड़ों और ऊंट तथा विंटेज कारों पर सवारी की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कभी कभी शब्द भी तस्वीर के आगे लाजवाब हो जाते हैं। राज्य मंत्री फिर लोकसभा सांसद और शहर विधायक। जुड़े हुए हाथ ओर चेहरों के ये भाव। शहर विधायक तथा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।